राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 174, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

वीडियो कुदरहा द्वारा फर्जी हाजिरी पर रोक लगाने में सिस्टम फेल नजर आ रहा ..02

चाय-नाश्ते की दुकान पर छापा, 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद..12

## हमें कतर मत समझना, धुनाई कर दूंगा: ईरान जंग के बीच पाकिस्तान ने इजरायल को क्यों धमकाया





ईरान जंग के बीच पाकिस्तान ने अमेरिका के दोस्त इजरायल को धमकाया है. पाकिस्तान ने साफ-साफ चेताते हुए कहा कि वह कतर नहीं है जो चुपचाप बैठ जाएगा. अगर उसके नागरिकों को कुछ हुआ तो करारा जवाब देगा और बुरी तरह पीटेगा. जी हां, इस्लामाबाद ने इजरायल को अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर कड़ी चेतावनी दी है. पाकिस्तान ने कहा है कि उसके अधिकारियों को ईरान या किसी भी अन्य देश में कोई भी खतरा हुआ तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा और हम बुरी तरह धुनाई कर देंगे. दरअसल, ईरान की राजधानी तेहरान में पाकिस्तान दूतावास के पास इजरायल-अमेरिका की ओर से किए गए हमले के बाद इस्लामाबाद ने यह चेतावनी जारी की है. पाकिस्तान स्ट्रैटेजिक फोरम की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'इजरायल को याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान कतर नहीं है. अगर हमारे किसी भी राजनयिक को दुनिया में कहीं भी नुकसान पहुंचा तो हम उन्हें बहुत मारेंगे.' यह धमकी ऐसे समय आई है, जब गुरुवार को इजरायल और अमेरिका ने तेहरान के मध्य इलाकों में हवाई हमले किए. इनमें पाकिस्तान के राजदूत के निवास और पाकिस्तानी दूतावास के पास के इलाके भी शामिल थे. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दूतावास परिसर और पाकिस्तानी राजनयिक स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन आसपास की कई इमारतें धमाकों की वजह से बुरी तरह हिल गई।

**28 दिन से जारी है ईरान जंग**

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध 28वें दिन में पहुंच गया है. तेहरान, काशान और अबादान में कई हवाई हमलों की खबरें हैं. 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने अटैक किया था. उस अटैक में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी. इसके बाद ईरान ने होर्मुज को बंद कर दिया. हालांकि, भारत, पाकिस्तान समेत पांच देशों के लिए ईरान ने होर्मुज का दरवाजा खोल रखा है।

**पाकिस्तान ईरान जंग में बना है दलाल**

ईरान में पाकिस्तानी दूतावास के पास यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब पाकिस्तान अपनी कूटनीतिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहा है. इस्लामाबाद अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने की कोशिश में जुटा है. पाकिस्तानी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर दोनों पक्ष चाहें तो इस्लामाबाद अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मेजबानी करने को तैयार है।

**ट्रंप ने बढ़ाई डेडलाइन**

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह एक बार फिर ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की डेडलाइन बढ़ा रहे हैं. ट्रंप ने नई डेडलाइन 6 अप्रैल तक दी है. उन्होंने कहा कि इस दौरान हमला नहीं होगा. अगर ईरान बात नहीं मानता है और होर्मुज नहीं खोलता है तो ईरान के पावर प्लांट्स पर बड़ा हमला किया जाएगा।

**6 अप्रैल तक की डेडलाइन**

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'बातचीत जारी है और फेक न्यूज मीडिया व अन्य लोगों के उल्टे बयानों के बावजूद सब कुछ ठीक चल रहा है.' उन्होंने बताया कि अब डेडलाइन 6 अप्रैल कर दी गई है. ईरान का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य मित्र देशों के लिए खुला है और उसने वॉशिंगटन के साथ किसी भी तरह की बातचीत की खबरों को खारिज किया है।

## बेटी ने पिता को जहर देकर मारा, फिर पहन ली उनकी 'वर्दी'... खाकी में छिपा कातिलाना सच, कांस्टेबल प्रेमी ने खोल दिया राज



महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पिता की जहर देकर हत्या कर दी. हैरानी की बात यह है कि यह खौफनाक साजिश पूरे तीन साल तक दबी रही. हेड कांस्टेबल पिता की हत्या के बाद पुलिस में पिता की जगह पर भर्ती हुई और आखिरकार खुद प्रेमी ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया. भद्रावती निवासी पुलिसकर्मी आशीष महेश शेडमाके (30) ने 23 मार्च को रामनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. उसने अपनी प्रेमिका और महिला पुलिस कर्मचारी आर्या जयंत बल्लावार पर आरोप लगाया कि उसने अपने पिता, हेड कॉन्स्टेबल जयंत बल्लावार की जहर देकर हत्या की. जानकारी के मुताबिक, आशीष और आर्या के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे. जब इस रिश्ते की जानकारी आर्या के पिता को हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया. इसी बात को लेकर घर में लगातार विवाद और तनाव बढ़ता गया, जिसने एक खौफनाक साजिश का रूप ले लिया।

**प्रेमी ने जहर का इंतजाम किया**

हत्या की योजना के तहत आशीष ने जहर की व्यवस्था करने के लिए अपने रिश्तेदार के नाबालिग बेटे की मदद ली. इसके बाद भद्रावती के 22 वर्षीय चैतन्य उर्फ मोंटी सचिन गेडाम से संपर्क किया गया, जिसने 24 अप्रैल 2023 को कांच की बोतल में जहर लाकर दिया. इसके बदले उसे 5000 रुपए दिए गए।

**मिल्कशेक में जहर मिलाकर दिया**

अगले ही दिन 25 अप्रैल 2023 को आर्या ने अपने पिता को मिल्कशेक में जहर मिलाकर पिला दिया. जहर पीने के बाद जयंत बल्लावार ड्यूटी पर पहुंचे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई. उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उस समय पुलिस ने इसे आकस्मिक मृत्यु मानते हुए मामला दर्ज किया था. जांच के दौरान आर्या ने भ्रामक जानकारी दी, जिससे मामला ठंडे बस्ते में चला गया. चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी खुद पुलिस विभाग से जुड़ी होने के कारण जांच में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई. पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि 2022 से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और 2023 में हत्या को अंजाम दिया गया. इसके बाद दोनों करीब 1-2 साल तक साथ रहे, लेकिन आपसी विवाद बढ़ने पर आशीष ने सच्चाई उजागर कर दी।

**2025 में भर्ती हुए आरोपी प्रेमी-प्रेमिका**

बताया जा रहा है कि आशीष और आर्या दोनों की 2025 में चंद्रपुर पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी और हाल ही में उनकी ट्रेनिंग पूरी हुई थी. रामनगर पुलिस ने इस मामले में आशीष महेश शेडमाके, आर्या जयंत बल्लावार, चैतन्य उर्फ मोंटी सचिन गेडाम और एक नाबालिग के खिलाफ BNS की धारा 120 (B), 302, 201 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है. सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय ने उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डिपॉजिट स्कीम के नाम पर चल रहा था बड़ा खेल, ईडी ने जब्त की 3.46 करोड़ की संपत्ति



प्रवर्तन निदेशालय (ED) कि मुंबई यूनिट ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.46 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच किया है. यह कार्रवाई 26 मार्च 2026 को की गई, जो कि Dnyanradha Multistate Co-operative Credit Society Ltd (DMCCSL) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है. बताया जा रहा है कि जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, वे नवी मुंबई के खारघर इलाके में स्थित ऑफिस यूनिट्स हैं. यह मामला महाराष्ट्र के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज कई FIR के आधार पर शुरू हुआ था. आरोप है कि सुरेश कुटे और उनके सहयोगियों ने DMCCSL के जरिए लोगों को 12% से 14% तक का आकर्षक रिटर्न देने का लालच दिया. बड़ी संख्या में निवेशकों ने इस स्कीम में पैसा लगाया, लेकिन बाद में उन्हें या तो पैसा नहीं मिला या आंशिक भुगतान ही किया गया।

**निवेशकों को लुटने के खिलाफ एक्शन**

ED की जांच में सामने आया कि करीब 2,467 करोड़ रुपये की बड़ी रकम को लोन के नाम पर कुटे ग्रुप की कंपनियों में ट्रांसफर किया गया. इन कंपनियों को सुरेश कुटे और उनकी पत्नी अर्चना कुटे कंट्रोल कर रहे थे. चौंकाने वाली बात यह है कि ये लोन बिना किसी ठोस कागजात, गारंटी या सही इस्तेमाल के सबूत के दिए गए थे। बाद में इस पैसे का इस्तेमाल निजी फायदे और दूसरे बिजनेस में किया गया।

**अब तक 1,625 करोड़ की संपत्ति जब्त**

ED अब तक इस मामले में कई बार छापेमारी कर चुकी है और कई संपत्तियों को अटैच कर चुकी है. कुल मिलाकर अब तक करीब 1,625 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त या फ्रीज की जा चुकी हैं. इस मामले में पहले ही सुरेश कुटे को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके खिलाफ मुंबई की विशेष PMLA अदालत में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है. हाल ही में 2 मार्च 2026 को अर्चना कुटे को भी गिरफ्तार किया गया, जिन्हें 7 मार्च को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## नैतिकता अलग लेकिन विवाहित पुरुष का लिव इन में रहना अपराध नहीं- इलाहाबाद हाई कोर्ट



इलाहाबाद हाईकोर्ट का लिव इन रिलेशनशिप को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने कहा है कि एक शादीशुदा पुरुष का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है. कोर्ट ने कहा कि सामाजिक नैतिकता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के कोर्ट के कर्तव्य पर हावी नहीं हो सकती, याचिका दाखिल कर लिव इन में रह रहे शादीशुदा कपल ने लिए सुरक्षा की मांग की थी. जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई. याचिका में कहा गया था कि कपल को महिला के परिवार से धमकियां मिल रही हैं. महिला के परिवार के वकील ने दलील दी कि चूंकि वह व्यक्ति पहले से ही शादीशुदा हैं, इसलिए किसी दूसरी महिला के साथ रहना उसके लिए एक अपराध है, हालांकि, कोर्ट ने टिप्पणी की कि कानून को सामाजिक नैतिकता से अलग रखा जाना चाहिए. कोर्ट ने कहा, 'ऐसा कोई अपराध नहीं है जिसके तहत कोई शादीशुदा व्यक्ति, किसी वयस्क के साथ आपसी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है, ऐसे व्यक्ति को किसी भी तरह के अपराध के लिए अभियोजित किया जा सके. कोर्ट ने कहा कि नैतिकता और कानून को अलग-अलग रखा जाना चाहिए।

**कोर्ट ने कपल को सुरक्षा देने का दिया निर्देश**

कोर्ट ने कहा कियदि कानून के तहत कोई अपराध नहीं बनता है, तो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट की कार्रवाई को सामाजिक राय और नैतिकता निर्देशित नहीं करेगी. कोर्ट ने कहा कि महिला ने एसएसपी शाहजहांपुर को पहले ही एक एप्लीकेशन दी है, जिसमें कहा गया है कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से उस आदमी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है. कोर्ट ने यह भी कहा कि उसके माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्य उनके रिश्ते के खिलाफ हैं. उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है, और दोनों को ऑनर किलिंग का डर है. कोर्ट ने कहा कि एसएसपी ने इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की है. साथ रहने वाले दो वयस्कों की सुरक्षा करना पुलिस का कर्तव्य है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पर विशेष दायित्व हैं. जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने शक्ति वाहिनी बनाम भारत संघ और अन्य, (2018) 7 SCC 192 मामले में कहा था।

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस**

कोर्ट ने कहा कि इस याचिका के साथ दोनों याचिकाकर्ताओं का संयुक्त हलफनामा भी लगा है. कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 8 अप्रैल के लिए नोटिस जारी किया. कोर्ट ने उस जोड़े को अपहरण के एक मामले में भी सुरक्षा प्रदान की, जो महिला के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पंजीकृत किया गया था हाईकोर्ट के अगले आदेशों तक, याचिकाकर्ताओं अनामिका और नेत्रपाल की गिरफ्तारी पर रोक लगाई, याचियों के खिलाफ शाह जहांपुर के जैतीपुर थाने में केस क्राइम नंबर 4/2026 में एफआईआर दर्ज है, बीएनएस, 2023 की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज है. कोर्ट ने ने महिला के परिवार को इस जोड़े को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाने से रोक दिया. उन्हें उनके घर में प्रवेश करने या उनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क करने से भी प्रतिबंधित किया गया है. कोर्ट ने यह भी कहा कि एसएसपी शाहजहांपुर के कपल की सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिए पर्सनली जिम्मेदार होंगे, याचियों की तरफ से एडवोकेट शहंशाह अख्तर खान ने केस लड़ा. एडिशनल गवर्नमेंट एडवोकेट घन श्याम कुमार स्टेट की तरफ से पेश हुए. एडवोकेट अजय कुमार मिश्रा एक प्राइवेट रेस्पोंडेंट की तरफ से पेश हुए।

## पश्चिम एशिया युद्ध के बीच खाद आपूर्ति सुरक्षित, आयात निर्भरता घटाने पर जोर, लोकसभा में बोले जेपी नड्डा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच केंद्र सरकार ने साफ किया है कि देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। केंद्र ने राज्यों के कृषि मंत्रियों से बातचीत कर स्थिति स्पष्ट कर दी है कि खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त तैयारी है। भारत अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसलिए जोखिम कम करने के लिए नए बाजारों और स्त्रोतों की तलाश तेज कर दी गई है। साथ ही दीर्घकालिक समझौते एवं विभिन्न देशों से करार के माध्यम से कच्चे माल की आपूर्ति को सुरक्षित किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद देश में खाद का पर्याप्त बफर स्टॉक है। आयात निर्भरता कम करने और मिट्टी की सेहत सुधारने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**युद्ध के साये में भी खाद की कमी नहीं- नड्डा**

रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति बाधाओं और शिपिंग मार्गों में व्यवधान के बावजूद देश में उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पहले से रणनीति बनाई जा चुकी है। आंकड़े बताते हैं कि भारत कई अहम कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है।

फॉस्फेट का लगभग 86 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 78 प्रतिशत, अमोनिया का 75 प्रतिशत और पोटाश का 100 प्रतिशत आयात होता है। ऐसे में भू-राजनीतिक तनाव का असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जॉर्डन, मोरक्को, टोगो, मारिटानिया, सऊदी अरब एवं ओमान जैसे देशों के साथ लंबी अवधि के समझौते किए गए हैं, ताकि सप्लाई बाधित न हो।

**घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दे रही सरकार**

सरकार घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत नए डीएपी और एनपीके संयंत्र लगाए जा रहे हैं, जिनकी कुल क्षमता करीब 59.65 लाख मीट्रिक टन होगी। साथ ही फॉस्फोरिक और सल्फ्यूरिक एसिड के संयंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत उर्वरक क्षेत्र के लिए ग्रीन अमोनिया की खरीद की भी योजना है, जिससे भविष्य में आयात निर्भरता घटेगी।

**उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर**

इस बीच, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया है। उसका कहना है कि केवल यूरिया पर निर्भरता से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है। इसके बजाय नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग जरूरी है। मृदा परीक्षण के आधार पर खाद डालने, जैव उर्वरकों के उपयोग और गोबर-खाद जैसी पारंपरिक पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार और वैज्ञानिक संस्थाएं मिलकर किसानों को बेहतर तरीके सिखा रही हैं। नीम-लेपित यूरिया, धीमी गति से घुलने वाले उर्वरकों के इस्तेमाल से पोषक तत्वों की बर्बादी कम की जा रही है। इससे लागत घटती है और उत्पादन भी बेहतर होता है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले चंडीगढ़ में देंगे 'भारतीय नैरेटिव' पर विशेष व्याख्यान







भारतीय चिंतन, संस्कृति और समकालीन वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बौद्धिक संवाद के रूप में पंचनद रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा 27 मार्च 2026, शुक्रवार को सायं 3:30 बजे एन.आई.टी.टी.टी.आर. ऑडिटोरियम, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में एक विशेष व्याख्यान का रहा। कार्यक्रम का विषय 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय विमर्श' था, जो वर्तमान समय में भारतीय विचारधारा की भूमिका और उसके वैश्विक प्रभाव को समझने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।


इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा की युद्ध की कहानी रम्य होती है लेकिन शुद्ध प्रत्यक्ष करना अच्छा नहीं लगता है। जो युद्ध शुरू करता है वही युद्ध बंद करने की बात करता है यह भी देखने को आज का दिन में मिलता है। रामायण से पूरा विश्व विचार शुद्धि और आचरण शुद्धि सिख सकता है ।रामायण पुस्तकों में नहीं है धर्म आचरण में है। भारत की संस्कृति और सभ्यता में उपलब्ध है। ताक़तवर देश होने के बावजूद भारत ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया।

भारत केवल एक मिलिट्री स्टेट नहीं है भारत एक सभ्यता मुल्क संस्कृति आधारित आध्यात्मिक प्रेरित देश है। दुनिया में इसको ही स्थापित करने के लिए हमारी प्रयास है। लेकिन ये प्रयास अपने कुटुंब से और अपनी राष्ट्र से ही प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा के कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) जगबीर सिंह ने किया। प्रो. जगबीर सिंह मध्यकालीन पंजाबी साहित्य, लोक साहित्य एवं साहित्यिक आलोचना के क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान हैं। कार्यक्रम में पंचनद की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर ब्रज किशोर कुठियाला भी उपस्थित रहे।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की बढ़ेंगी मुश्किलें, HC के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती





ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद की मुश्किलें फिर बढ़ सकती हैं. इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है. बता दें कि नाबालिग बटुकों के साथ कथित यौन शोषण और पॉक्सो एक्ट के मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. बता दें कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. इसमें मांग की गई है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद को दी गई अग्रिम जमानत को तत्काल रद्द किया जाए. दरअसल आशुतोष ब्रह्मचारी के वकीलों का तर्क है कि हाईकोर्ट ने जमानत मंजूर करते समय कानूनी तथ्यों और साक्ष्यों को नजरअंदाज किया है, जिसे विधि सम्मत रूप से चुनौती देना जरूरी है।

**हाईकोर्ट ने सुनाई थी राहत**

दरअसल बुधवार (25 मार्च) को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य को अग्रिम जमानत दी थी. कोर्ट ने शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत दी थी।

**क्या है पूरा मामला और आरोप?**

आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया था कि माघ मेला 2026 और महाकुंभ 2025 के दौरान मठ में रहने वाले नाबालिग बटुकों का यौन उत्पीड़न किया गया. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रयागराज की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था. जिसके बाद झूंसी पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद के खिलाफ FIR दर्ज की थी।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी नजर**

फिलहाल सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं. अगर सुप्रीम कोर्ट इस याचिका को स्वीकार कर सुनवाई करता है, तो ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के लिए आने वाले दिन काफी मुश्किल भरे हो सकते हैं. हाईकोर्ट के आदेश के बाद उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक बरकरार है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट का रुख इस पूरे केस की दिशा बदल सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, सीओ के नेतृत्व में चला अभियान



**चांदा, सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर में शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर ने की। मोहल्ला हनुमान नगर में आयोजित इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस विभाग की ओर से महिलाओं को जागरूकता पत्र वितरित किए गए और उन्हें उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अधिकारियों ने बताया कि महिलाएं किसी भी तरह से कमजोर नहीं हैं और उन्हें शासन-प्रशासन द्वारा कई अधिकार प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि यदि उनके साथ किसी प्रकार का गलत व्यवहार या उत्पीड़न होता है, तो वे तुरंत नजदीकी कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1090 पर भी संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा अमित कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल राम सिंह, महिला कांस्टेबल नीतू वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### अष्टम दिवस पर रामकथा में भावुक हुआ वातावरण, राम वनवास प्रसंग का मार्मिक वर्णन

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में चल रही भव्य श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य रविकांत शास्त्री जी (अयोध्या धाम) ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजमहल का त्याग कर वनगमन स्वीकार किया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। कथा वाचक ने राम, सीता और लक्ष्मण के त्याग, प्रेम और आदर्शों को विस्तार से समझाते हुए जीवन में धर्म और कर्तव्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की भूमिका सराहनीय रही, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव, सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित विवेक कुमार, नीलम, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह नौ दिवसीय श्रीराम कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ बना रही है।

### प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में जनपद से चार लोगों हुए प्रशिक्षित

**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में जनपद बस्ती से चार लोगों हुए प्रशिक्षित, परिवहन विभाग से जुड़कर दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण के लिए करेंगे कार्य, आमजन को करेंगे जागरूक।, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला में आयुक्त उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग डॉ किंजल सिंह की अगुवाई में सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला के अंतर्गत भारत स्काउट गाइड प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार की पहल पर प्रत्येक जनपद से दो स्काउट और दो गाइड प्रशिक्षको को प्रशिक्षित किया गया जो जनपदों में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करने का कार्य करेंगे, उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के तत्वावधान में कार्यशाला में फोरेंसिक विभाग के कार्य उनके दायित्व, सीपीआर के तरीके आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, जनपद बस्ती से लीडर ट्रेनर स्काउट कुलदीप सिंह, ट्रेंनिग काउन्सलर स्काउट मंगलेश अग्रहरि, ट्रेंनिग काउन्सलर गाइड नन्दिनी, ट्रेंनिग काउन्सलर गाइड गरिमा प्रशिक्षित हुए, प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट गाइड के प्रादेशिक प्रीति आदि की सहभागिता रही।

# बलरामपुर में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति सामान्यः डीएम ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

बलरामपुर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो गई है। शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर भीड़ में कमी देखी गई, जिससे पता चलता है कि स्थिति सामान्य हो रही है। जिला मुख्यालय और अन्य क्षेत्रों के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की उपलब्धता सुचारु है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पिछले दो दिनों में ईंधन की खपत में अचानक वृद्धि अफवाहों के कारण हुई थी, न कि वास्तविक कमी के चलते। एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेदु और सीओ सहित अन्य अधिकारी लगातार पेट्रोल और डीजल पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि घबराहट में खरीदारी (पैनिक बाइंग) की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईंधन की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है।जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही ईंधन खरीदें। उन्होंने दोहराया कि अफवाहों के कारण ही कुछ दिन पहले खपत में असामान्य वृद्धि हुई थी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित और पर्याप्त बनी हुई है। प्रशासन की टीम लगातार निगरानी कर रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जनपदवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से प्रभावित न हों और संयमित तरीके से ही ईंधन खरीदें। ऐसा करने से अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा और व्यक्तिगत सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बलरामपुर प्रशासन ईंधन आपूर्ति की लगातार निगरानी कर रहा है और जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

## 45 साल के दुकानदार ने 14 साल की नाबालिग संग की दरिंदगी

**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के आनंद नगर कटरा मोहल्ले में एक जनरल स्टोर में 13 साल की किशोरी संग दरिंदगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना गुरूवार शाम करीब 8.30 बजे की है। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 45 वर्षीय दुर्गेश्वर गौड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक पीड़िता आनंद नगर कटरा मोहल्ले में आरोपी के जनरल स्टोर पर सामान खरीदने गयी थी। दुकानदार उसे दुकान के अंदर खींचकर ले गया और गलत काम करने लगा। उसके रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर बड़ी बहन ने दरवाजा खुलवाया, तो बहन ने रो- रो कर घटना की सच्चाई बयां की। फिलहाल पुलिस ने दुर्गेश्वर गौड़ पुत्र रामनयन गौड़ के खिलाफ तत्काल गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने कहा शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# आदेशों की अनदेखी पर बलरामपुर के CDO तलब, सुनवाई आज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रशासनिक लापरवाही के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए बलरामपुर के मुख्य विकास अधिकारी (CDO) हिमांशु गुप्त को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। अदालत ने इसे न्यायिक प्रक्रिया की खुली अवहेलना बताया है। कोर्ट ने आदेशों के बार-बार उल्लंघन पर नाराजगी जताते हुए CDO हिमांशु गुप्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने और शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार मिश्र द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें बिना ठोस कारण सेवाएं समाप्त करने का आरोप लगाया गया है। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह ने 20 नवंबर 2025 को आवश्यक निर्देश जारी किए थे। इसके बाद 27 नवंबर, 5 दिसंबर, 12 दिसंबर, 19 दिसंबर 2025 और 9 जनवरी से 13 मार्च 2026 तक कई तिथियां निर्धारित की गई, लेकिन हर बार संबंधित विभाग की ओर से टालमटोल का रवैया अपनाया गया। राज्य पक्ष लगातार समय मांगता रहा, जबकि अदालत के समक्ष कोई ठोस अनुपालन प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे 'गंभीर लापरवाही' करार दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि न्यायालय के आदेशों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। आज हाईकोर्ट में अवकाश के बावजूद मामले की सुनवाई सूचीबद्ध कर दी गई है। यह प्रकरण कोड नंबर 17 पर न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अदालत में सुना जाएगा, जहां CDO हिमांशु गुप्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देना होगा।

# तहसीलदार अभय राज फर्जी रिपोट लगा करमा मले निपटाने मे माहिर गलत रिपोट लगाकर भ्रष्टाचार का दिए सुबूत

**● -खलिहान व गढ्ढे की भूमि पर फर्जी रिपोर्ट लगवा कर एस डी एम तहसीलदार पर उठे सवाल**

**-फर्जी रिपोर्ट लगाकर खलिहान जमीन का निस्तारण?तहसीलदार अभय राज हरैया विवादों मे एसडीएम के साख पर धब्बा**

**-फर्जी रिपोर्ट के सहारे मामले को रफा-दफा कर दबंग भूमाफिया पर संरक्षण देने से करने से जुडा मामला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया के एसडीम और तहसीलदार कई सालों से चल रहे धारा 67 की कार्रवाई स्वयं ध्वस्ती करण का आदेश पारित किया खलिहान की भूमि पर बने मकान पर नोटिस चश्मा करके दिए गए सप्ताह कासमय समाप्त होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई कर खलिहान की भूमि अभी तक नहीं खाली करवाया गया संदेह के घेरे मेंतहसीलदार हरैया की कुर्सी भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी हुई दिखाई दे रही है । खलिहान व गड्ढे की जमीन पर बनी लाखों की कोठी के मामले में तहसील प्रशासन भू माफिया को बचाते हुए कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही है ।तहसीलदार कार्यालय से ध्वस्तीकरण का आदेश होने के बावजूद भी खलिहान की भूमि खाली नहीं हो सकी ।समुचित कार्रवाई के नाम पर तहसील प्रशासन आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायतकर्ता को मूर्ख बनाने का काम कर रही हैं ।बल्कि आईजीआरएस की रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने असंतुष्टि जाहिर की है। आपको बताते चलें कि लगभग 2 माह पूर्व हरैया तहसील के राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 व 43 में अवैध कब्जेदारों का कब्जे का मामला प्रकाश में आया था ।जो की खलिहान व गड्ढे की जमीन है ।तहसीलदार अभय राज लगभग दो माह बाद खलिहान की जमीन पर ध्वस्तीकरण का नोटिस देकर कार्रवाई का दिखावा किया था जिसकी समय सीमा एक सप्ताह थी जो पूर्ण हो चुकी है । मीडिया ने कार्यवाही के लिए जब तहसीलदार अभय राज से फोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाहिए तो उनका फोन नहीं उठा। बड़ा सवाल यह है कि क्या अभय राज गुपचुप तरीके से कार्रवाई का कोरम पूरा कर रहे हैं या मोटी रकम लेकर दबंग भू माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं । जिससे भू माफिया का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

# नील गाय को बचाने के चक्कर मेंअनियंत्रित कार गुमटी टकराई गुमटी में सो रहे युवक की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्रके खैरी ओझा गांव के पास तेज रफ्तार कार अचानक आयी नीलगाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गुमटी में घुस गई। इस हादसे में गुमटी में सो रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर, थाना हरैया क्षेत्र अंतर्गत खैरी ओझा गांव के पास की है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मंजीत यादव (लगभग 25 वर्ष), पुत्र कविलास यादव, निवासी जिला भागलपुर (बिहार), अपने बड़े भाई के साथ टायर पंचर का काम करता था। रोजाना की तरह वह अपने गुमटी में सो रहा था। भोर में अचानक सामने आई नीलगाय को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर गुमटी में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और गुमटी में सोया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अपने कमाऊ परिजन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।हादसे में कार चालक मनीष, निवासी महेवा थाना गौर, को एयरबैग खुलने के कारण मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बस्ती में सवालों के घेरे में सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट कान्हा गोशाला मर रहे हैं गौशाला के जानवर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जनपद में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट की दुर्दशा देखकर रूह कांप जा रही है भूखों मर रहे जानवर उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई अधिकारी या कर्मचारी नहीं है इस मामले को लेकरअंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से किया शिकायत।जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने मांग किया है ग्राम प्रधान सचिव विकासखंड अधिकारी पर हो कार्रवाई। अभी भी क्षेत्र में घूम रहे हैं घुमंतू पशु इनको पकड़ने की जह मत नहीं उठा रही है विकासखंड के कर्मचारी एवं अधिकारी की भूमिका संदिग्ध झलक रही है पिछले एक हफ्ते से इन जानवरों की तस्वीर वायरल होने के बावजूद भी जिले के जिम्मेदारी एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी इन जानवरों को पकड़ कर गौशलम नहीं भेज रहे हैं किसने की फसल बर्बाद कर रहे हैं गौशाला से छूटे हुए जानवर नहीं ध्यान दे रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी कब शुरू होगी इन जानवरों की धर पकड़ जिससे किसानों को निजात मिले।

गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार इसलिए हो रही गौवंश की मौत। जिले के कार्यालय में बैठे अधिकारियों को भनक नहीं लग रही है जनपद के गौशाला मेंरोज मर रहे हैं सैकड़ो जानवर ब्लॉक पर बैठे अधिकारियों को बेजुबानों के दर्द को नहीं समझ पा रहे जनपद में चारा घोटाला की जांच हो तो जिले के अच्छे-अच्छे अधिकारी नप जाएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ ड्रीम प्रोजेक्ट कान्हा गौशाला अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है जिले में अधिकारी कार्यालय में बैठकर मस्ती कर रहे हैं उधर गौशाला के पासगोवंश को चारा खिला आमजन को सेवा करने की प्रेरणादेते हैं जिले में गौशाला की दुर्दशा देखकर रूह कम जाएगी भूखे मर रहे जानवर बीमार पड़े गौशाला के पशु इनकी देखरेख करने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं हैपूरा मामला बहादुरपुर विकास खंड के ग्रामसभा सोधिया घाट गौशाला का जहां मानवता को शर्मसार करने वाला वीडियो हो रहा वायरल।इस मामले पर जब बस्ती DPRO से बात किया गयाः तो उनका जवाब इस तरह की जैसे उनको कोई मतलब ही नही है DPRO ने बताया इस की जानकारी CVO और BDO से लीजिये हमें जानकारी नही है अब सवाल यह है कि मुख्यमंत्री की की योजना को साहब कैसे दर किनार कर रहे है इन बेजुबानों की पीड़ा सुनने वाला जनपद से लेकर विकासखंड के अधिकारियों के कानों में नहीं जा रही है।

# वीडियो कुदरहा द्वारा फर्जी हाजिरी पर रोक लगाने में सिस्टम फेल नजर आ रहा

**● डीहूकपुरा में , मनरेगा में महाभ्रष्टाचार का खुला खेल सचिन प्रधान के साथ वीडियो का खेल अनोखा साबित हो रहा है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में मनरेगा भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है खंड विकास अधिकारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैंविकास खण्ड कुदरहा की ग्राम पंचायत डीहूकपुरा इन दिनों भ्रष्टाचार और रसूख के गठजोड़ का जीता-जागता नमूना बन गई है। जहाँ एक ओर सरकार मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी देने का दावा करती है, वहीं डीहूकपुरा में प्रधान ने इस सरकारी योजना को अपनी 'निजी जागीर' समझकर लूट का अड्डा बना लिया है। आलम यह है कि नियमों को जूती की नोक पर रखकर रसूखदार प्रधान ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को खुली चुनौती दे डाली है।

**डिजिटल हाजिरी को ठेंगा, घर पर लग रही हाजिरी।**




हैरानी की बात यह है कि जहाँ शासन मोबाइल मॉनिटरिंग और डिजिटल अटेंडेंस की बात कर रहा है, वहीं डीहूकपुरा में प्रधान और उनके गुर्गों द्वारा घर-घर जाकर मजदूरों की हाजिरी भरी जा रही है। मौके पर काम ठप है, लेकिन कागजों में विकास की रफ्तार बुलेट ट्रेन से भी तेज दिखाई जा रही है। बिना कार्यस्थल पर गए ही मास्टर रोल में फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।

**60 मजदूरों की गाढ़ी कमाई का 'विलेन' बना प्रधान।**

सूत्रों और ग्रामीणों की मानें तो लगभग 60 ऐसे असली मजदूर हैं, जिनकी मेहनत की कमाई पर प्रधान रूपी 'विलेन' ने डाका डाला है। अपात्रों और अपने चहेतों के नाम पर पैसा निकालकर प्रधान अपनी तिजोरी भर रहा है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद काम के लिए भटक रहे हैं।

**BDO की कुर्सी के बगल बह रही भ्रष्टाचार की गंगा।**

सबसे बड़ा सवाल खंड विकास अधिकारी (BDO) आलोक कुमार पंकज की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। ब्लॉक मुख्यालय से चंद दूरी पर चल रहे इस 'महाघोटाले' की भनक साहब को न होना, कई संदेह पैदा करता है। जनता के बीच चर्चा है कि क्या भ्रष्टाचार की यह गंगा बिना आला अधिकारियों के संरक्षण के बह सकती है? साहब की कुर्सी के ठीक बगल में हो रही इस लूट पर उनकी चुप्पी अपराधियों के हौसले बुलंद कर रही है।?रसूख के रसातल में समाती निष्पक्ष जांच।ग्रामीणों का आरोप है कि इस भ्रष्टाचार की शिकायत कई बार की गई, लेकिन प्रधान के रसूख और ऊंचे संपर्कों के आगे जांच की फाइलें धूल फांक रही हैं। सरकारी तंत्र पूरी तरह से प्रधान के इशारों पर नाचता नजर आ रहा है। अधिकारियों की उदासीनता यह साफ बयां करती है कि गरीबों के हक की बलि चढ़ाकर रसूखदारों को पालना ही शायद अब सिस्टम की नई नीति बन गई है।

# रामनवमी पर अमेठी में उमड़ा अभूतपूर्व जनसैलाब

**● आस्था के साथ जनसमर्थन और एकजुटता का शक्तिशाली संदेश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर अमेठी टाउन स्थित ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम ने आस्था के साथ-साथ जनशक्ति और सामाजिक एकजुटता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अमेठी की जागरूक जनता की एकता, विश्वास और मजबूत सामाजिक-राजनीतिक चेतना का प्रतीक बनकर सामने आया।

रामनवमी आयोजन समिति, अमेठी के तत्वावधान में सम्पन्न इस आयोजन में समिति के समर्पित सदस्यों, निर्माण में जुटे कर्मयोगियों, अमेठी टाउन के नागरिकों, युवाओं, माताओं-बहनों एवं हजारों श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूरे नगर में उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट संकेत देता नजर आया कि अमेठी की जनता अब हर स्तर पर एकजुट और सजग है।हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में गूंजते 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच यह आयोजन केवल भक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता के साथ-साथ जनविश्वास की एक मजबूत अभिव्यक्ति बनकर उभरा।इस अवसर पर युवराज अनन्त विक्रम सिंह एवं बहुरानी शाम्भवी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। दोनों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा जनसमूह के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित किया। उनकी उपस्थिति को जनता के व्यापक समर्थन और विश्वास के रूप में भी देखा जा रहा है।भव्य शोभायात्रा में उमड़ी भारी भीड़, जगह-जगह हुआ स्वागत और पुष्पवर्षा इस बात का स्पष्ट संकेत था कि अमेठी की जनता अपने नेतृत्व के साथ खड़ी है और विकास, संस्कृति व परंपरा के साथ आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध है।युवराज अनन्त विक्रम सिंह का वक्तव्य प्रभु श्री राम के आदर्श केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सुशासन, मर्यादा और जनसेवा का मार्गदर्शन हैं। आज अमेठी की जनता जिस प्रकार एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज कर रही है, वह आने वाले समय के लिए एक सकारात्मक और मजबूत संकेत है। यह जनसमर्थन हमें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।'

बहुरानी शाम्भवी सिंह का वक्तव्य अमेठी मेरे लिए एक परिवार है, और आज इस परिवार का जो स्वरूप देखने को मिला, वह अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक है। माताओं-बहनों, युवाओं और हर वर्ग का यह स्नेह और विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी के साथ मिलकर अमेठी को और सशक्त, समृद्ध और विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं। 'रामनवमी आयोजन समिति, अमेठी ने इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अमेठी की जनता की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी का परिचायक है। समिति ने सभी सहयोगियों, नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।यह आयोजन एक स्पष्ट संदेश देता है कि अमेठी अब केवल परंपराओं का केंद्र नहीं, बल्कि जागरूक, संगठित और सशक्त जनशक्ति का प्रतीक बन चुकी है – जो अपने नेतृत्व के साथ मिलकर विकास और गौरव की नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

## संस्था कार्यालय आगमन पर जोनल कमिश्नर जीएसटी भूपेन्द्र शुक्ला का संस्था प्रबंधक ने किया भव्य स्वागत




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुलबाजार अमेठी–** श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर समाजसेवी पी के तिवारी ने संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि कार्यालय भटमऊ शुकुलबाजार आगमन पर सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूरबगांव गौरीगंज निवासी जोनल कमिश्नर जीएसटी लखनऊ भूपेन्द्र शुक्ला का स्वागत करते हुए श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं दी तथा अतिथियों सभासद गौरीगंज शशिकान्त साहू,सज्जन पाठक,रवि तिवारी,रितेश मिश्रा तथा सौरभ तिवारी का भी स्वागत किया एवं संस्था द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे मे चर्चा करते हुए भूपेन्द्र शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त किया और कहा कि संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड द्वारा कराए जा रहे प्रत्येक कार्यो मे भूपेन्द्र शुक्ला का मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग बना रहता है जिससे संस्था को बल मिलता है और मुझे ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं शुक्ला ने समाजसेवी पी के तिवारी को नवरात्रि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं निस्वार्थ भावना से संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्य निश्चित ही समाज के प्रति गौरवपूर्ण है और समाजसेवी पी के तिवारी ने अपने अथक प्रयास,कर्तव्यनिष्ठा एवं कठिन परिश्रम से समाज मे अपनी एक अलग पहिंचान बनाई है वहीं संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनो के मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे बताते चलें कि समाजसेवी पी के तिवारी के कुशल नेतृत्व मे संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों की समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है और उनका मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन तथा सहयोग भी कर रहा है जिसे संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी अपना परम सौभाग्य एवं संस्था के प्रति गौरवपूर्ण बता रहे हैं।

## पेट्रोल पंप पर विवाद करने वाले 04 अभियुक्तों को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा पेट्रोल पम्प पर विवाद करने वाले सुसंगत धाराओं सहित बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी से संबंधित 04 अभियुक्तों सूफियान अहमद पुत्र इकबाल अहमद उम्र 40 वर्ष, अबूसैफ पुत्र इकबाल अहमद उम्र 38 वर्ष, मो0 फैजान पुत्र फिरोज उम्र 19 वर्ष, मो0 गजाली पुत्र इकबाल अहमद उम्र 27 वर्ष निवासीगण मोहनगंज मजरे भेलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

## अफवाहों की आग में ईंधन संकट का भ्रम सच से दूर भीड़, व्यवस्था पर बढ़ता दबाव और जिम्मेदारी की कसौटी

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों पेट्रोल-डीजल को लेकर जो दृश्य सामने आए हैं, वे केवल आपूर्ति का मामला नहीं बल्कि मनोविज्ञान, सूचना और सामाजिक व्यवहार का भी प्रतिबिंब हैं। एक ओर सरकार और प्रशासन लगातार यह स्पष्ट कर रहे हैं कि ईंधन की कोई कमी नहीं है, वहीं दूसरी ओर अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर असामान्य भीड़, लंबी कतारें और कई जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। यह पूरा घटनाक्रम हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर सूचना के इस युग में भी अफवाहें इतनी प्रभावी कैसे हो जाती हैं।

राजधानी लखनऊ से लेकर गोंडा, झांसी, कौशांबी और चित्रकूट जैसे जिलों में पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने न केवल अपने वाहनों में ईंधन भरवाया बल्कि बड़े-बड़े डिब्बों और ड्रमों में भी पेट्रोल-डीजल जमा करना शुरू कर दिया। लखनऊ के कठौता चौराहे पर सैकड़ों मीटर लंबी कतारें लगीं, जबकि गोंडा में तो स्थिति इतनी बिगड़ गई कि लाइन में लगे लोगों के बीच धक्का-मुक्की और झड़प तक हो गई।

यह दृश्य किसी वास्तविक संकट का परिणाम नहीं था, बल्कि एक अफवाह का असर था। जैसे ही यह खबर फैली कि पेट्रोल-डीजल खत्म हो सकता है, लोगों में एक प्रकार का भय पैदा हो गया। यह भय ही भीड़ का सबसे बड़ा कारण बना। जब लोग देखते हैं कि दूसरे लोग बड़ी मात्रा में ईंधन ले रहे हैं, तो वे भी उसी दिशा में कदम बढ़ा देते हैं। इसे सामूहिक व्यवहार की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, जिसमें व्यक्ति अपनी स्वतंत्र सोच के बजाय भीड़ के व्यवहार का अनुसरण करता है।

हालांकि, दूसरी ओर कई जिलों में स्थिति पूरी तरह सामान्य भी रही। गाजियाबाद, मेरठ और वाराणसी जैसे शहरों से रिपोर्ट मिली कि वहां पेट्रोल पंपों पर किसी प्रकार की किल्लत नहीं है और लोग सामान्य रूप से ईंधन ले रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या वास्तविक आपूर्ति की नहीं, बल्कि धारणा और सूचना की है।

प्रदेश सरकार ने भी समय रहते स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने साफ कहा कि सभी जिलों में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है और कहीं भी संकट जैसी स्थिति नहीं है। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि जो लोग अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम आवश्यक भी है, क्योंकि झूठी जानकारी न केवल भ्रम फैलाती है, बल्कि व्यवस्था को भी बाधित करती है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू किसानों से जुड़ा हुआ है। गेहूं की कटाई का समय होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। कन्नौज जैसे इलाकों में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में ड्रम लेकर डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं। यह उनकी आवश्यकता है, लेकिन जब इसमें अफवाह का तत्व जुड़ जाता है, तो मांग असामान्य रूप से बढ़ जाती है और व्यवस्था पर दबाव पड़ता है।

कुछ जिलों में प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए विशेष कदम उठाने पड़े। कहीं-कहीं पेट्रोल की मात्रा पर सीमा तय की गई, तो कहीं पुलिस की तैनाती कर दी गई। अंबेडकरनगर और बहराइच में पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन सक्रिय रहा। वहीं श्रावस्ती में डिब्बों में ईंधन देने पर रोक के विरोध में किसानों ने सड़क जाम तक कर दिया। यह दर्शाता है कि जब सूचना स्पष्ट नहीं होती, तो असंतोष और टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है।

कुछ स्थानों पर वास्तविक समस्या भी सामने आई, जैसे हाथरस और चित्रकूट में कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो गया। लेकिन यह कमी व्यापक नहीं थी, बल्कि स्थानीय स्तर पर असंतुलित मांग के कारण हुई। जब एक ही समय में बहुत अधिक लोग ईंधन लेने पहुंचते हैं, तो अस्थायी कमी होना स्वाभाविक है। इसे वास्तविक संकट नहीं कहा जा सकता।

इस पूरे मामले में मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जहां जिम्मेदार पत्रकारिता लोगों को सही जानकारी देती है, वहीं सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के फैलने वाली खबरें स्थिति को बिगाड़ सकती हैं। आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति सूचना का उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि प्रसारक भी बन गया है। ऐसे में जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

यह स्थिति हमें एक महत्वपूर्ण सबक भी देती है। किसी भी संकट या संभावित संकट की स्थिति में संयम और विवेक सबसे जरूरी होते हैं। यदि लोग अफवाहों के आधार पर अनावश्यक खरीदारी करने लगें, तो वे खुद ही उस संकट को जन्म दे देते हैं, जिससे वे बचना चाहते हैं। यही कारण है कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

अंततः यह कहा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल को लेकर जो स्थिति बनी, वह वास्तविक संकट से अधिक मनोवैज्ञानिक और सूचनात्मक संकट थी। प्रशासन की तत्परता और स्पष्टता के कारण स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। लेकिन यह घटना हमें यह जरूर सिखाती है कि अफवाहें कितनी खतरनाक हो सकती हैं और उनसे बचने के लिए समाज को कितना सजग रहना आवश्यक है।

सही जानकारी, संयमित व्यवहार और प्रशासन पर विश्वास—यही वे तीन आधार हैं, जिनके सहारे किसी भी ऐसी स्थिति से आसानी से निपटा जा सकता है।

कांतिलाल मांडोत

# संपादकीय

## उर्वरक पर नियंत्रण, किसान पर भरोसा: क्या संतुलन बन पाएगा?

[ मिट्टी की कसौटी पर डिजिटल वादे: किसान आईडी की असली परीक्षा ]

खेत की मिट्टी अब केवल अन्न नहीं उगाती, वह उम्मीदों और व्यवस्थाओं की परीक्षा भी लेती है। इसी मिट्टी पर खड़े भारत के करोड़ों किसानों के सामने आज एक नया प्रयोग रखा गया है—किसान आईडी और उर्वरक आपूर्ति का डिजिटल तंत्र। यह पहल किसी साधारण योजना की तरह नहीं, बल्कि उस जटिल समस्या का समाधान बनने का दावा करती है, जिसने वर्षों से खेती को भीतर ही भीतर खोखला किया है—सब्सिडी का रिसाव, खाद की कालाबाजारी और असली किसान तक संसाधनों की अधूरी पहुंच। सवाल यह नहीं कि योजना कितनी भव्य है, बल्कि यह है कि क्या यह वास्तव में खेत की मेड़ तक न्याय पहुँचा पाएगी, या फिर फाइलों की चमक में ही सिमट जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट और महत्वाकांक्षी है—हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान देकर उसे सीधे लाभ से जोड़ना। यह किसान आईडी भूमि रिकॉर्ड, आधार और पारिवारिक विवरण से जुड़कर एक समग्र डेटाबेस तैयार करती है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उर्वरक जैसी महत्वपूर्ण वस्तुएं सही व्यक्ति तक ही पहुंचे। हर साल उर्वरक सब्सिडी पर होने वाला भारी खर्च, जो कई बार गलत हाथों में चला जाता था, अब एक नियंत्रित और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से उपयोग में लाया जाएगा। यह व्यवस्था केवल वितरण को नहीं सुधारती, बल्कि एक ऐसी निगरानी प्रणाली भी बनाती है, जिसमें हर लेन-देन का हिसाब दर्ज रहेगा। व्यवहारिक स्तर पर देखें तो यह प्रणाली तकनीक और कृषि का अनोखा संगम प्रस्तुत करती है। पॉइंट ऑफ सेल मशीनों के जरिए आधार प्रमाणीकरण के बाद ही खाद की खरीद संभव होगी, जिससे फर्जी खरीद पर रोक लगेगी। प्रति हेक्टेयर उर्वरक की तय सीमा न केवल संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि मिट्टी की सेहत को भी सुरक्षित रखेगी। साथ ही, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के विस्तार से किसान को यह स्वतंत्रता मिलेगी कि वह अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक का चयन करे। यह बदलाव केवल प्रक्रिया में नहीं, बल्कि सोच में भी परिवर्तन का संकेत देता है। इस पहल के संभावित लाभ निस्संदेह प्रभावशाली हैं। छोटे और सीमांत किसान, जो अक्सर बिचौलियों के शोषण का शिकार होते रहे हैं, अब सीधे लाभ के दायरे में आएंगे। उर्वरकों की कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा, जिससे बाजार में स्थिरता आएगी। एक ही आईडी के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से प्रशासनिक जटिलता कम होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसान को अपने डेटा पर अधिकार मिलेगा—वह अपनी भूमि, फसल और लाभ की पूरी जानकारी एक ही मंच पर देख सकेगा। यह डिजिटल सशक्तिकरण का वह रूप है, जो किसान को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता बनाता है। किन्तु हर उजाले के साथ कुछ छायाएं भी होती हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना जोखिम भरा हो सकता है। ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता अभी भी एक बड़ी चुनौती है। कई किसान स्मार्टफोन, इंटरनेट या तकनीकी प्रक्रियाओं से परिचित नहीं हैं, जिससे वे इस प्रणाली में सहजता से शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके अलावा, बटाईदार और किराएदार किसान, जिनके पास जमीन का औपचारिक रिकॉर्ड नहीं होता, इस व्यवस्था से बाहर रह सकते हैं। यदि तकनीकी त्रुटियां, सर्वर समस्याएं या डेटा में गड़बड़ी सामने आती हैं, तो इसका सीधा असर खेती की प्रक्रिया पर पड़ सकता है। किसान के दृष्टिकोण से यह पहल एक अवसर भी है और आशंका भी। जहां एक ओर उसे सही मात्रा में उर्वरक मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर सख्त नियमों के कारण लचीलापन कम होने का डर भी है। बड़े किसानों के लिए यह व्यवस्था कुछ हद तक प्रतिबंधात्मक हो सकती है, लेकिन छोटे किसानों के लिए यह एक सुरक्षा कवच बन सकती है। संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन में वृद्धि और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार संभव है, जिससे दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। परंतु यदि आईडी बनाने या उसे सक्रिय करने में देरी हुई, तो किसान के सामने तत्काल संकट खड़ा हो सकता है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस पहल का महत्व और भी बढ़ जाता है। उर्वरक उत्पादन और आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का सीधा प्रभाव पड़ता है, जिससे भारत जैसे देश को आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में यदि देश के भीतर वितरण प्रणाली मजबूत और पारदर्शी हो जाए, तो संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव है। किसान आईडी इस दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान कर सकती है, जिससे खाद्य सुरक्षा को स्थिरता मिले और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती।

किसान आईडी और उर्वरक आपूर्ति की यह पहल एक विचार से अधिक, एक परीक्षा है—नीतियों की, क्रियान्वयन की और सबसे बढ़कर, विश्वास की। यदि सरकार डिजिटल अंतर को पाटने, हर वर्ग के किसान को शामिल करने और जमीनी स्तर पर सहायता सुनिश्चित करने में सफल होती है, तो यह पहल कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव ला सकती है। लेकिन यदि यह केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित रह गई, तो यह भी उन योजनाओं की सूची में शामिल हो जाएगी, जो शुरू तो बड़े वादों के साथ हुई, पर अंत में किसानों की उम्मीदों को अधूरा छोड़ गई। अब निर्णय खेत की मिट्टी करेगी—कि यह बदलाव वास्तविक है या सिर्फ एक और प्रयोग।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

## दुनिया के बदलते शक्ति संतुलन में लंबा खिंचता युद्ध और भारत से उठती शांति की उम्मीद

मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष आज सिर्फ क्षेत्रीय युद्ध नहीं रह गया है बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती देने वाला संकट बन चुका है। एक ओर ईरान है जो भारी नुकसान झेलने के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं, वहीं दूसरी ओर इजराइल और अमेरिका हैं जो अपनी रणनीतिक और सैन्य ताकत के दम पर दबाव बनाए हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने दुनिया को एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या युद्ध किसी समस्या का समाधान हो सकता है या यह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है।

ईरान की वर्तमान रणनीति को समझना जरूरी है। वह यह युद्ध जीतने के लिए नहीं बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने और दुश्मनों को यह संदेश देने के लिए लड़ रहा है कि उसे पूरी तरह खत्म करना आसान नहीं है। लगातार अपने शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को खोने के बावजूद ईरान पीछे हटने के बजाय संघर्ष को लंबा खींच रहा है। यह रणनीति 'युद्ध को महंगा बना दो' के सिद्धांत पर आधारित है। यानी अगर दुश्मन को आर्थिक और राजनीतिक रूप से इतना नुकसान हो कि वह खुद ही समझौते की मेज पर आ जाए, तो ईरान अपने लक्ष्य को हासिल मानता है।

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर देखने को मिल रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य जो दुनिया के तेल व्यापार का एक बड़ा मार्ग है, अब तनाव का केंद्र बन चुका है। जहाजों पर हमले, तेल की कीमतों में उछाल और गैस सप्लाई में बाधा ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। यूरोप से लेकर एशिया तक ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह युद्ध सिर्फ तीन देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर हर उस देश पर पड़ रहा है जो वैश्विक बाजार से जुड़ा हुआ है।

इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने पहले कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रोकने का दावा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति ने उनके नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध को लेकर विरोध बढ़ रहा है। कई सांसद और विश्लेषक मानते हैं कि यह युद्ध अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से लाभदायक नहीं है और इससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान हो रहा है। ट्रम्प द्वारा ईरान से आत्मसमर्पण की मांग करना स्थिति को और जटिल बना रहा है क्योंकि इससे बातचीत के रास्ते संकुचित हो जाते हैं। यूरोप भी इस युद्ध से असहज है। जॉर्जिया मेलोनी सहित कई यूरोपीय नेताओं ने इस संघर्ष पर चिंता जताई है। उनका मानना है कि युद्ध के कारण वैश्विक अस्थिरता बढ़ रही है और इसका सीधा असर यूरोप की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर पड़ सकता है। इटली समेत कई देशों ने खुले तौर पर यह संकेत दिया है कि वे इस युद्ध का समर्थन नहीं करते और इसे जल्द खत्म करने की जरूरत है।

इसी संदर्भ में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण बनकर उभरती है। नरेंद्र मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जिनकी बात दुनिया के कई देश सुनते हैं। भारत की विदेश नीति परंपरागत रूप से संतुलित और संवाद आधारित रही है। भारत ने हमेशा युद्ध के बजाय शांति और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि आज जब दुनिया के बड़े देश आपस में टकराव की स्थिति में हैं, तब भारत एक संभावित मध्यस्थ के रूप में देखा जा रहा है। मोदी की विशेषता यह है कि उनके संबंध अमेरिका, इजराइल और खाड़ी देशों के साथ भी मजबूत हैं और साथ ही वे ईरान के साथ भी संवाद बनाए रखते हैं। यह संतुलन किसी भी शांति प्रयास के लिए बेहद जरूरी होता है। अगर भारत चाहे तो वह एक ऐसा मंच तैयार कर सकता है जहां सभी पक्ष बातचीत के लिए तैयार हों। हालांकि यह आसान नहीं होगा, क्योंकि वर्तमान स्थिति में सभी पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हुए हैं।

इस युद्ध ने एक और महत्वपूर्ण पहलू को उजागर किया है, वह है क्षेत्रीय गठबंधनों का बदलता स्वरूप। खाड़ी देशों का झुकाव तेजी से इजराइल और अमेरिका की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले जो देश तटस्थ रहने की कोशिश करते थे, अब वे अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक स्पष्ट रुख अपना रहे हैं। इससे भविष्य में मध्य पूर्व का राजनीतिक नक्शा बदल सकता है।

दूसरी ओर, ईरान यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि अगर उसे अस्थिर किया गया तो पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा। यह एक तरह की चेतावनी भी है और रणनीति भी। वह अपने प्रभाव का उपयोग करके यह संदेश देना चाहता है कि उसके बिना क्षेत्र में स्थिरता संभव नहीं है। यह सोच भले ही आक्रामक लगे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ऐसे दृष्टिकोण आम हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा नुकसान आम लोगों को हो रहा है। चाहे वह इजराइल में घायल होते नागरिक हों, लेबनान में घर छोड़ने को मजबूर लोग हों या ईरान के अंदर जरूरी वस्तुओं की कमी झेल रहे नागरिक हर जगह मानव पीड़ा स्पष्ट दिखाई देती है। युद्ध के आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं होते, वे उन परिवारों की कहानी होते हैं जो हमेशा के लिए बदल जाते हैं।

ऐसे समय में यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से शीत युद्ध जैसी स्थिति की ओर बढ़ रही है। बड़ी शक्तियों के बीच टकराव, क्षेत्रीय संघर्ष और आर्थिक अस्थिरता इस दिशा की ओर संकेत करते हैं। अगर समय रहते कूटनीतिक प्रयास नहीं किए गए, तो यह संकट और गहरा सकता है।

भारत के लिए यह एक अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए क्योंकि वह एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर सकता है, और चुनौती इसलिए क्योंकि उसे अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखते हुए संतुलन बनाए रखना होगा। ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दे भारत के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

अंततः यह स्पष्ट है कि युद्ध किसी भी पक्ष के लिए स्थायी समाधान नहीं है। ईरान की रणनीति चाहे कितनी भी दृढ़ क्यों न हो और अमेरिका-इजराइल की ताकत कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में समाधान बातचीत से ही निकलेगा। दुनिया को आज ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो टकराव नहीं बल्कि संवाद को बढ़ावा दे। ऐसे में भारत और उसके नेतृत्व से उम्मीदें स्वाभाविक हैं।

यदि वैश्विक समुदाय समय रहते नहीं जागा, तो यह संघर्ष और बड़े संकट में बदल सकता है। लेकिन अगर कूटनीति को प्राथमिकता दी गई, तो यही संकट एक नए और अधिक संतुलित विश्व व्यवस्था की शुरुआत भी बन सकता है।

कांतिलाल मांडोत

## प्रेम: त्याग और समर्पण का शाश्वत सत्य

प्रेम एक छोटा-सा शब्द है, किन्तु इसकी गहराई और विस्तार अनंत है। यह केवल भावना नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और नि:स्वार्थता का जीवंत स्वरूप है। सच्चा प्रेम पाने के लिए मनुष्य को अपने अहं, स्वार्थ और वासनाओं का त्याग करना पड़ता है। बिना त्याग और समर्पण के प्राप्त प्रेम केवल आकर्षण या भ्रम हो सकता है, परंतु वह कभी भी शाश्वत या पवित्र नहीं हो सकता। वास्तविक प्रेम में वासना और स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। जहाँ स्वार्थ प्रवेश करता है, वहाँ प्रेम की पवित्रता समाप्त हो जाती है। इस सत्य को समझने के लिए भारतीय परंपरा में वर्णित आदर्श पात्रों के जीवन का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है।

पति-पत्नी के संबंध में राम और सीता का जीवन त्याग और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करता है। राजसी वैभव को त्याग कर वनवास का कठोर जीवन स्वीकार करना और हर परिस्थिति में एक-दूसरे के प्रति अटूट निष्ठा बनाए रखना, उनके प्रेम को अद्वितीय बनाता है। वहीं सखा रूप में कृष्ण और राधा का संबंध निस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा है। यह प्रेम भौतिक उपस्थिति से परे, आत्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। वृंदावन से दूर होने के बावजूद उनका प्रेम आज भी उतना ही जीवंत और प्रेरणादायक है।

आस्था और भक्ति के स्तर पर मीरा और कृष्ण का संबंध प्रेम की चरम अवस्था को दर्शाता है। बाल्यावस्था से ही कृष्ण के प्रति मीरा की अटूट श्रद्धा, सामाजिक विरोध और कष्टों के बावजूद अडिग रही। विषपान जैसी कठिन परीक्षाओं से गुजरते हुए भी उनका विश्वास डगमगाया नहीं। अंततः उनका अस्तित्व कृष्ण में विलीन हो गया यह सच्चे समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। इतिहास और आस्था इस तथ्य के साक्षी हैं कि वासना रहित, निस्वार्थ और समर्पित प्रेम कालातीत हो जाता है। यही कारण है कि राम, सीता, राधा, कृष्ण और मीरा आज भी केवल ऐतिहासिक या पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग और समर्पण के शाश्वत आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। अंततः यह स्पष्ट है कि सच्चा प्रेम त्याग और समर्पण की मांग करता है। जब प्रेम इन तत्वों से परिपूर्ण होता है, तभी वह पवित्र बनकर समाज में आदर्श और प्रेरणा का स्रोत बनता है।

अरविंद रावल

# मिशन एलपीजी: होर्मुज संकट में भारत का 'प्लान बी'

दुनिया के एक छोर पर जब बारूद की गंध फैलती है, तो उसकी तपिश हज़ारों किलोमीटर दूर भारतीय रसोई तक पहुँचने में देर नहीं लगती। वर्तमान में इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच गहराता युद्ध केवल नक्शों पर खिंची लकीरों या मिसाइलों के विनिमय तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने वैश्विक ऊर्जा राजनीति के उस ताने-बाने को झकझोर दिया है जिस पर भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था टिकी है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत सरकार ने एक ऐसा साहसिक और रणनीतिक फैसला लिया है जिसने अंतरराष्ट्रीय गलियारों में हलचल मचा दी है। करीब आठ साल के लंबे अंतराल के बाद, भारत ने एक बार फिर ईरान से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी की खरीदारी शुरू कर दी है। यह फैसला महज एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की 'रणनीतिक स्वायत्तता' और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर दिखाई गई दृढ़ता का प्रतीक है। जून 2018 के बाद यह पहली बार है जब भारतीय तेल कंपनियों ने ईरानी बंदरगाहों की ओर रुख किया है। याद रहे कि यह वही दौर था जब अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के चलते भारत ने ईरान से तेल और गैस लेना लगभग बंद कर दिया था, लेकिन आज जब पश्चिम एशिया की आग होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुँचने वाली है, तो भारत ने अपनी जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए कूटनीति की बिसात पर नई चाल चली है। इस बड़े सौदे की अगुवाई देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन कर रही है, जिसमें भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम भी साझीदार हैं। जिस समय देश के कुछ हिस्सों से रसोई गैस और ईंधन के लिए लंबी कतारों की खबरें आ रही थीं, उसी समय 'सी बर्ड' नाम के एक विशाल मालवाहक जहाज का भारत की ओर मुड़ना किसी फ़िल्मी पटकथा से कम नहीं लगता। बताया जाता है कि यह जहाज शुरुआत में चीन की ओर जा रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर रणनीतिक वार्ताओं और जरूरतों के चलते इसने अपनी दिशा बदली और भारत के मैंगलोर पोर्ट की ओर रुख किया। इसमें मौजूद 43 हजार टन ब्यूटेन और प्रोपेन भले ही भारत की दैनिक खपत का एक छोटा सा हिस्सा हों, लेकिन संकट के इस दौर में यह खेप एक मनोवैज्ञानिक जीत और भविष्य के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। होर्मुज स्ट्रेट, जो ओमान और ईरान के बीच स्थित एक संकरा समुद्री रास्ता है, भारत के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं है। भारत अपनी जरूरत की दो-तिहाई एलपीजी आयात करता है और उस आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। अगर युद्ध की आग इस रास्ते को बंद कर देती है, तो भारत की ऊर्जा व्यवस्था चरमरा सकती है। ऐसे में ईरान से सीधे गैस की खरीद करना उस जोखिम को कम करने की एक सोची-समझी कोशिश है।

हालाँकि, एक तरफ जहाँ आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका ने आम आदमी को सशंकित कर दिया है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बहुत ही स्पष्ट और आश्वस्त करने वाला दावा पेश किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश के पास वर्तमान में लगभग 60 दिनों का वास्तविक ईंधन भंडार मौजूद है। इसमें कच्चा तेल, रिफाइंड उत्पाद और वह रणनीतिक भंडारण शामिल है जिसे भारत ने भूमिगत गुफाओं में आपात स्थिति के लिए बचाकर रखा है। सरकार का यह भी कहना है कि यदि हम अपनी कुल भंडारण क्षमता को देखें, तो भारत के पास 74 दिनों तक की जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य है। यह डेटा उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है जो गैस की कमी की अफवाहों के चलते डरे हुए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भले ही पश्चिम एशिया में संकट अपने 27वें दिन में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन भारतीय रिफाइनरियां अपनी स्थापित क्षमता से 100 प्रतिशत से भी अधिक पर काम कर रही हैं। इसका अर्थ यह है कि कच्चे तेल को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी में बदलने की प्रक्रिया दिन-रात युद्धस्तर पर चल रही है। सरकार का यह दावा कि अगले दो महीनों तक आपूर्ति पूरी तरह स्थिर रहेगी, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाली उठापटक के बीच घरेलू बाजार में विश्वास बहाली का काम कर रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर सरकार के पास इतना भंडार है, तो सड़कों पर लंबी लाइनें क्यों दिख रही हैं? यहाँ मनोविज्ञान और तर्क के बीच का द्वंद्व सामने आता है। जब भी युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो 'पैनिक बाइंग' यानी घबराहट में की जाने वाली खरीदारी बढ़ जाती है। लोग भविष्य की अनिश्चितता को देखते हुए अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोशिश करते हैं, जिससे वितरण प्रणाली पर अचानक बोझ बढ़ जाता है। इसके अलावा, होर्मुज क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण कई बार जहाजों के बीमा प्रीमियम और उनके रूट में बदलाव करना पड़ता है, जिससे लॉजिस्टिक्स में मामूली देरी होती है। भारत ने इस चुनौती से निपटने के लिए अब वैकल्पिक स्रोतों की ओर हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया है। ईरान से किया गया यह हालिया सौदा इसी कड़ी का हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की ऊर्जा रणनीति अब केवल एक या दो देशों पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी हो गई है। हम अमेरिका के साथ भी खड़े हैं, इजराइल के साथ हमारे रणनीतिक संबंध हैं, और साथ ही हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरान और रूस जैसे देशों के साथ भी व्यापार जारी रखे हुए हैं। यह संतुलन ही भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता है। ईरान से एलपीजी की यह खरीद केवल आर्थिक बचत का मामला नहीं है। ईरानी गैस भारत को सस्ती भी पड़ती है और परिवहन की दृष्टि से भी यहाँ से माल लाना आसान है। लेकिन इसके पीछे जो सबसे बड़ी बाधा थी, वह थी अमेरिकी प्रतिबंध। अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए दुनिया भर के देशों पर दबाव बनाया था कि वे वहां से ऊर्जा खरीद बंद कर दें। भारत ने लंबे समय तक इस दबाव का सम्मान किया, लेकिन जब बात देश की जनता की रसोई और बढ़ती महंगाई की आई, तो राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हो गए। भारत ने यह संकेत दे दिया है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यह फैसला उस समय आया है जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को छूने की कोशिश कर रही हैं। यदि भारत वैकल्पिक स्रोतों और ईरान जैसे देशों से सीधे सौदे नहीं करता, तो घरेलू बाजार में महंगाई का एक बड़ा विस्फोट हो सकता था। मंत्रालय के दावों के बीच यह भी गौर करने वाली बात है कि भारत अपनी रिफाइनिंग क्षमता को लेकर दुनिया में एक विशेष स्थान रखता है। हमारी रिफाइनरियां न केवल घरेलू मांग पूरी कर रही हैं, बल्कि वे निर्यात के लिए भी तैयार हैं। लेकिन जब बात एलपीजी की आती है, तो स्थिति कच्चा तेल से थोड़ी भिन्न होती है क्योंकि एलपीजी का सीधा संबंध आम नागरिक के जीवन स्तर से है। आज भी भारत के कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लकड़ी जलाकर खाना बनाने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका एक कारण वितरण में आ रही अस्थाई बाधाएं हैं। सरकार का यह कहना कि आपूर्ति में कोई कमी नहीं है, तभी सार्थक होगा जब यह आपूर्ति अंतिम उपभोक्ता तक बिना किसी देरी के पहुँचे। इसके लिए सरकार कई देशों से अतिरिक्त कार्गो सुरक्षित कर रही है। बातचीत अब केवल ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत दो और बड़ी एलपीजी खेप लाने की तैयारी में है, जिनके सौदे अंतिम चरण में हैं। यह सक्रियता दर्शाती है कि पर्दे के पीछे भारतीय कूटनीतिज्ञ और तेल अधिकारी कितनी मशक्कत कर रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का एक और महत्वपूर्ण पहलू है 'होर्मुज स्ट्रेट' का विकल्प तलाशना। हालांकि इस रास्ते का कोई पूर्ण विकल्प फिलहाल मौजूद नहीं है, लेकिन भारत अब ओमान और अन्य खाड़ी देशों के साथ मिलकर ऐसे रास्तों पर विचार कर रहा है जो सीधे अरब सागर से जुड़ते हों। 'सी बर्ड' जहाज का चीन के बजाय भारत की ओर मुड़ना इस बात का भी प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में भारत का प्रभाव बढ़ रहा है। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में भारत एक 'बैलेंसिंग पावर' के रूप में उभरा है। एक तरफ हम ग्रीन एनर्जी और सौर ऊर्जा की बात कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अभी भी हमारा बड़ा हिस्सा एलपीजी और हाइड्रोकार्बन पर निर्भर है। इसलिए, जब तक भारत पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा पर शिफ्ट नहीं हो जाता, तब तक हमें पश्चिम एशिया की इन भू-राजनीतिक लहरों के साथ सावधानी से तैरना होगा। अंततः, ईरान से 8 साल बाद गैस की खरीद और देश में 60 दिनों के सुरक्षित भंडार का होना एक संतुलित तस्वीर पेश करता है। यह तस्वीर एक ऐसे भारत की है जो न तो किसी वैश्विक दबाव के आगे झुक रहा है और न ही अपने नागरिकों को किसी संकट में अकेला छोड़ने वाला है। इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच की यह जंग भले ही कितनी भी लंबी क्यों न खिंचे, भारत ने अपनी ऊर्जा की बिसात पर मोहरे कुछ इस तरह सजा दिए हैं कि कम से कम अगले दो महीनों तक देश की रसोई में आंच मद्धम नहीं पड़ेगी। यह संघर्ष हमें यह भी सिखाता है कि आत्मनिर्भरता केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह समय रहते लिए गए कड़े और दूरदर्शी फैसलों का परिणाम है। रिफाइनरियों का 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चलना और वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करना इसी दूरदर्शिता का हिस्सा है। भारत की यह रणनीति आने वाले समय में अन्य विकासशील देशों के लिए भी एक मिसाल बन सकती है कि कैसे युद्ध और प्रतिबंधों के बीच भी अपनी अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जरूरतों को सुरक्षित रखा जाता है। यह संकट भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन भारत ने दिखा दिया है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए किसी भी 'सी बर्ड' को अपनी ओर मोड़ने की कुव्वत रखता है।

महेन्द्र तिवारी

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पासपोर्ट बनवाने में फर्जीवाड़ा, आरोपी धर्मेंद्र गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** पासपोर्ट बनवाने में फर्जी वाड़ा करने के आरोप में काफी दिनों से वांछित चल रहे आरोपी धर्मेंद्र यादव पुत्र राम आलम यादव को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पूर्वी बाईपास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की माने तो धर्मेंद्र यादव ने फर्जी दस्तावेज लगाकर वर्ष 2013 में और पुनः 2020 में पासपोर्ट बनवाया। जिसके आरोप में कोतवाली थाने में उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत था।

## पीडीए की सरकार बनाना एकमेव लक्ष्य - दीनानाथ



**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाहिलपार में रामनवमी मेले के अवसर पर आयोजित पीडीए जागरूकता सभा में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ही उत्तर प्रदेश में तरक्की ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि प्रत्येक महिला को 40 हजार रुपये देने के साथ बेरोजगारों को सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर स्थायी सरकारी नौकरी दी जाएगी। दवाई और पढ़ाई मुफ्त करने के साथ प्रदेश के चतुर्दिक विकास की व्यवस्था की जाएगी। सभा के आयोजक एवं पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने कहा कि समाजवादियों का एकमेव लक्ष्य अपने नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना और उत्तर प्रदेश को समुन्नत प्रदेश बनाना है, जहां सभी को रोजगार, व्यापार, इलाज, शिक्षा और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम हो। सभा को रमजान अली, ऋषिकेश यादव, रामऔतार कुशवाहा, रामखेदू यादव, धर्मदेव यादव, मुरलीधर, योगेंद्र यादव, सुरेश नारायण सिंह यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुनेश्वर कुशवाहा तथा संचालन उमाशंकर यादव ने किया। इस अवसर पर रामबड़ाई गोंड की पार्टी ने पार्टी गीत प्रस्तुत करते हुए फरूवाही नृत्य भी प्रस्तुत किया।

## प्रशासन की छापेमारी में 18 ड्रमों में रखा 3600 ली डीजल बरामद



**रूद्रपुर, देवरिया।** डीजल पेट्रोल के संकट के बीच कोतवाली क्षेत्र के जोगिया खुर्द में प्रशासनिक टीम ने दो किसानों के पास से 18 ड्रमों में रखा 3600 लीटर डीजल बरामद किया है मुखबिर की सूचना पर हुई छापेमारी में किसान रामानंद यादव के पास से तीन ड्रमों में रखा 600 लीटर तथा वीर बहादुर यादव के पास से 15 ड्रमों में रखा 3000 लीटर डीजल मौके पर पाया गया। प्रशासनिक टीम ने डीजल को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में रखवा दिया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।हालांकि दोनों किसानों के पास कंबाइन मशीन और रीपर तथा ट्रैक्टर भी हैं। उनका कहना है कि गेहूं की कटाई का समय होने के कारण डीजल स्टोर किया गया है। छापेमारी टीम में आपूर्ति निरीक्षक गुफरान शेख,नायब तहसीलदार अनिल तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस संबंध में एसडीएम हरिशंकर लाल ने बताया कि छापेमारी की गई है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। भारी मात्रा में अवैध डीजल बरामद होने से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच जिला पूर्ति अधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए पेट्रोल पंप संचालकों को आगाह किया है कि वे अधिक मात्रा में डीजल व पेट्रोल लेने वालों का पूरा रिकॉर्ड रखें व पंप पर रजिस्टर मेंटेन रखें।

## सहजनवा :स्वीट हाउस के पीछे खड़ी बाइक चोरी केस दर्ज

सहजनवां थाना क्षेत्र के केशोपुर वार्ड 8 निवासी सूरज गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता का काली मंदिर के पास बैग की दुकान है। वह प्रतिदिन दुकान पर बाइक से आते जाते रहते थे। 23 मार्च को वह दुकान पर बाइक से आए। और अपनी बाइक को एक स्वीट हाउस के पीछे खड़ा कर दिया। और दुकान पर आ गए। अपराह्न दो बजे जब पहुंचे तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# विकासखंड उरुवा के ग्राम पंचायत गजपुर में स्थित सम्मय माता भक्तों की पूरा करती है

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला बाजार गोरखपुर-** गोला तहसील मुख्यालय से लगभग 17 किमी पश्चिम विकासखंड उरुवा के ग्राम पंचायत गजपुर में सुप्रसिद्ध सम्मय माता का मंदिर स्थित है ।इस स्थान पर सच्चे दिल एवं विश्वास के साथ मानी गई सभी मन्नतें भक्तों का पूरा सम्मय माता करती ह। जिससे भक्तों का नवरात्र के दिनों में मेला लगा रहता है। बताते चलें कि विकासखंड उरुवा क्षेत्र में स्थितग्राम सभा गजपुर में स्थित सम्मय माता के स्थान एवं प्रसिद्धि के बारे में माता के वर्तमान पुजारी का कथन है कि सम्मय माता गोपालपुर रियासत से आई हुई है। ब्रिटिश हुकूमत में गोपालपुर रियासत एक एक अपना अलग पहचान रखता था। एक घटना का जिक्र करते हुए श्री पुजारी ने बताया कि कई वर्षों पूर्व बगल में स्थित बढ़या पार रियासत के जानवरों को गोपालपुर के राजा ने पकड़वा कर अपने कोर्ट में बंद कर दिया। इस बात की सूचना पर बढयापार रियासत के राजा अपने पशुओं को छुड़ाने के लिए अपने रियासत के दुवरिया यादव को यह जिम्मेदारी



सौंपी । कहा जाता है कि दुबरी यादव अपने साथियों के साथ बंद जानवरों को छुड़ाने के लिए जब गोपालपुर रियासत पहुंचे ।तो वहां सम्मय माता प्रकट हो गई। और कही कि मुझे भी अपने साथ लेते चलो। पशुओं को छुड़ाने के बाद सम्मय माता के इच्छानुसार दुबरी यादव पालकी में गोपालपुर कोट की मिट्टी रखकर आगे आगे दूध गिराते हुए बढयापार रियासत की तरफ चल दिए। उस समय घने जंगलों से होकर जब माता की पालकी गौर और गजपुर गांव की सिवान पहुंची तो वही दूध समाप्त हो गया । जिसके कारण दुबरी यादवा ने वही माता को स्थान दे दिया ।राजा बढयापार दुबरी यादव के कारनामों से खुश होकर उन्हें एक गांव इनाम में दिया जो आज दुबरी पूरा के नाम से विख्यात है ।सम्मय माता के स्थान के विषय में लोगों का कहना है कियह जागृत पीठ है ।वर्तमान समय में स्थित सम्मय माता को इस दशा में लाने का श्रेय प्रथम पुजारी स्वर्गीय बाबा वसंत दास को है ।जो देवरिया जिले के सत कोटवा गांव के रहने वाले थे। भ्रमण करते हुए माता के स्थान पर पहुंच गए थे। घनघोर जंगलों में स्थित सम्मय माता के स्थान पर जाकर पूजा-अर्चना करने लगे ।धीरे-धीरे उनकी ख्याति क्षेत्र में एक सिद्ध संत के रूप में हुई ।सूत्रों का कहना है कि बाबाजी का गाली ही भक्तों के लिए आशीर्वाद होता था। गजपुर ग्राम पंचायत सिकरीगंज के नवाब की जागीर थी। नबाब के पास कोई औलाद नहीं था ।नवाब के भाई की बेगम वर्षो से बीमार रहा करती थी ।जिसके लिए नवाब दबा दुआ करा कर थक चुके थ।गजपुर गांव क निवासी स्व लगन लाल सिकरीगंज नवाब के मुंशी थे। उनके कहने पर नवाब ने सम्मय माता का दर्शन किया। दर्शन करने से उनका कष्ट दूर हो गया ।और संतान की उत्पत्ति हुई ।माता के स्थान पर सच्चे दिलों से आने वाले भक्तों की मुरादें सदैव पूरा होती रहती हैं।

## भगवानपुर बाजार से पल्सर बाइक चोरी, खोजबीन में जुटी पुलिस

**रतनपुर/महराजगंज-** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर बाजार से गुरुवार को एक दुकान के सामने खड़ी बजाज पल्सर बाइक चोरी हो गई। आस-पास काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का अता-पता नहीं चला तो पीड़ित वाहन स्वामी ने सोनौली कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बाइक की खोजबीन करने की मांग की है। कुछ ही मिनट में हुई इस चोरी की वारदात ने इलाके भर में सनसनी फैला दी। जानकारी के मुताबिक नौतनवा थाना क्षेत्र के सम्पतिहा निवासी बृजेश कुमार पासवान अपनी पल्सर बाइक से गुरुवार को भगवानपुर बाजार पहुंचे। उन्होंने अपनी बजाज पल्सर यूपी 56 एयू 6293 को एक दुकान के पास खड़ी करके बाजार के अंदर कुछ सामान लेने चले गए। लेकिन जब वह महज 5 मिनट बाद वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। मौके से बाइक गायब देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आस-पास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। मामले में पीड़ित बाइक स्वामी ने सोनौली कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर बाइक की खोजबीन करने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि बाइक चोरी की तहरीर मिली है मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# 10 अप्रैल को गोला उपनगर में राप्तीनगर डिपो के बस चालकों की भर्ती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोलाबाजार, गोरखपुर-** गोला उपनगर में आगामी 10 अप्रैल को राप्तीनगर डिपो के लिए बस चालकों की भर्ती आयोजित की जाएगी। यह भर्ती अनुबंध के आधार पर की जाएगी, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचकर भाग ले सकेंगे। परिवहन विभाग द्वारा इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही अभ्यर्थी की ऊंचाई कम से कम 5 फुट 3 इंच होनी चाहिए। भर्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि अभ्यर्थी के पास हैवी वाहन चलाने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। चयन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में अभ्यर्थियों का प्रारंभिक टेस्ट लिया जाएगा, जिसमें सफल होने वाले अभ्यर्थियों को दूसरे चरण के लिए चयनित किया जाएगा।

द्वितीय चरण का टेस्ट गोरखपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में कराया जाएगा। इस टेस्ट में भी सफल होने वाले अभ्यर्थियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार चयन पूरी तरह योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर होगा। परिवहन विभाग ने इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। यह भर्ती स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर साबित हो सकती है।

# गोरखपुर खजनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 189 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार, बिना नंबर की कार बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी - गोरखपुर।** जनपद के खजनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने कुल 189 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त एक बिना नंबर प्लेट की मारुति वैगनआर कार भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयन्त कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त



हरियाणा से अवैध अंग्रेजी शराब लेकर बिहार ले जा रहे थे। तभी जरलही और कन्दराई के मध्य पुलिया के पास शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे पुलिस ने वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 240 बोतल रायल ग्रीन व्हिस्की (750 एमएल) कुल 180 लीटर तथा 24 बोतल (375 एमएल) कुल 9 लीटर शराब बरामद हुई। इस प्रकार कुल 189 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इस्तेयाक आलम (निवासी सिवान, बिहार), राजू (सिवान, बिहार), राहुल यादव उर्फ मोनू (गोरखपुर), आलोक यादव (गोरखपुर) और गोलू तिवारी उर्फ ऋषभ (नोएडा) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से अंतरराज्यीय स्तर पर शराब तस्करी में सक्रिय था और आर्थिक लाभ के लिए इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना खजनी में मु0अ0सं0 90/26 के तहत धारा 111(2)(बी) बीएनएस व आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए सभी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। खजनी पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि अपराध और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# पीपीगंज पुलिस का बड़ा खुलासा: चेन स्नैचिंग गैंग की महिला आरोपी गिरफ्तार, 3.5 लाख की ज्वेलरी बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चेन चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक शातिर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 3 लाख 50 हजार रुपये कीमत की दो सोने की चेन भी बरामद की हैं। इस कार्रवाई को स्थानीय पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पीपीगंज पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने थाना पीपीगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 0094/2026 एवं 0095/2026 से संबंधित आरोपी रेखा उर्फ रूबी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 27 मार्च 2026 को थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं के गले से सोने की चेन और लॉकेट चोरी कर लिए गए थे। पहली घटना में





वादी की पत्नी और दूसरी घटना में वादी की माता को निशाना बनाया गया था। दोनों मामलों में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर आरोपी महिला को दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की गई दो सोने की चेन बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी रेखा उर्फ रूबी, पत्नी बब्लू, संतकबीर नगर जनपद के दुधारा थाना क्षेत्र के जाटेडिहा दुबौलिया की निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पहले भी गोरखपुर और कुशीनगर जनपद में चोरी और लूट जैसी वारदातों में संलिप्त रही है। इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक सौरभ कुमार यादव, उपनिरीक्षक मनीष राज, कांस्टेबल विरेन्द्र सरोज, महिला कांस्टेबल अनीषा यादव और कविता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके नेटवर्क तथा अन्य संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। क्षेत्र में इस गिरफ्तारी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, शाहपुर में मचा हड़कंप, पहचान अज्ञात, पुलिस हर एंगल से कर रही जांच

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जब एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना बौलिया कॉलोनी स्थित पोखरे के पास की बताई जा रही है। सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर जैसे ही पेड़ से लटके शव पर पड़ी, इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। युवक के गले में फंदा लगा हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से



पहले सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फारेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल की स्थिति और मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी निमिष पाटील भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मामले की गहराई से जांच करने के निर्देश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। मौके पर मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी युवक को पहचानने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के थानों और जिलों में युवक की फोटो भेजकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसपी सिटी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या सहित अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए हर एंगल से जांच में जुटी है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।


## जिलाधिकारी गोण्डा ने बाबू लाल कमलापुरी इंटर कालेज मे पहुंचकर टॉपर्स बच्चो को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया

**मनकापुर गोण्डा** - शुक्रवार बभनजोत क्षेत्र के अंतर्गत बाबूलाल कमलापुरी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह व टॉपर्स के पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को कॉलेज प्रबंधक पवन कुमार मित्तल ने पहले बुके देकर स्वागत किया द्य कॉलेज की प्रधानाचार्या एकता गुप्ता ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर जिलाधिकारी को सम्मानित किया द्य जिलाधिकारी ने वार्षिक समारोह में टॉपर्स छात्र-छात्राओं को अपने हाथों से पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिन्होंने समारोह को और भी यादगार बना दिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है द्य उन्होंने आगे कहा कि किसी भी कामयाबी के लिए अनुशासन का बड़ा योगदान होता है द्य उन्होंने बच्चों के साथ उनके परिजनों को भी अनुशासन के लिए प्रेरित किया द्य इस अवसर पर मनकापुर उपजिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, कॉलेज की प्रधानाचार्या एकता गुप्ता, निदेशकशिवकुमार मित्तल, उप प्रबंधक राजेंद्र कुमार मित्तल उर्फ रिंकू,डॉ अजय कुमार, विनोद कुमार मित्तल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन, 151 कन्याओं को कराया गया भोज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लंभुआ, सुलतानपुर।** नवरात्रि के अंतिम दिन लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के राम नगर स्थित काली माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 9 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया, वहीं मंदिर परिसर में कुल 151 कन्याओं को भोज भी कराया गया। काली माता पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय भानु प्रताप शर्मा ने बताया कि बीते कई वर्षो से मंदिर पर विधिवत नवरात्रि के अवसर पर पूजन किया जाता है हर बार नए जजमान को मौका दिया जाता है इस बार के जजमान बजरंगी अग्रहरि रहे उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा लोगों से मिलकर भंडारा किया जाता है और कन्या पूजन कन्या भोज का आयोजन हर बार नवरात्रि के अवसर पर किया जाता है7 भाजपा नेत्री रेखा बरनवाल ने बताया कि कन्या पूजन में स्थानीय लोग सम्मिलित होकर कन्याओं को यथाशक्ति उपहार देते हैं और कन्या रूपी देवियों से पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं मौके पर मौजूद राजेश कौशल ने बताया कि काली माता जी का मंदिर बहुत पुराना है कस्बे समेत आसपास के इलाकों में मौजूद लोग दर्शन के लिए यहां आते हैं। नवरात्रि के अवसर पर



विशेष आयोजन किया जाता है।। शुक्रवार को हो रहे कन्या भोज में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कन्याओं का पूजन किया और यथाशक्ति कन्याओं को उपहार समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मां काली पूजा समिति द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के संतोष अग्रहरि (अध्यक्ष) आशीष माली (उपाध्यक्ष) और स्थानीय लोगों ने पूरे विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया और कन्याओं को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान सतीश बरनवाल, राजेश कौशल, अंकित अग्रहरि रितिका अग्रहरि, पवन अग्रहरिः, मनोज अग्रहरि, सनी अग्रहरि, दिलीप उर्फ कल्लू, रेखा बरनवाल, रवीन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, अनिल बरनवाल, पवन सरोज, वरुण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर मानस कॉलोनी के प्राचीन बुढ़िया माता मंदिर में भव्य भंडारा

## ●-5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कुशीनगर।** नगर की मानस कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में रामनवमी के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार, यह धार्मिक आयोजन पिछले लगभग 20 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र की आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आसपास के गांवों से लेकर दूरदराज के क्षेत्रों तक के 5000 से





अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत वीरेंद्र दास जी महाराज ने इस अवसर पर माता के प्राकट्य का इतिहास बताते हुए कहा कि प्राचीन काल में मां को बंजारों की वनदेवी के रूप में पूजा जाता था। समय के साथ यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर परिसर में माता की दिव्य शक्ति का विशेष अनुभव होता है, जो आध्यात्मिक शांति और संतोष प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सुनील चौहान, अरविंद कुशवाहा, बृजेश शर्मा, रामू पाण्डेय, रीता कुशवाहा, मंजू चौधरी, अनीता देवी, अभय मारोदिया, रोहन विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, जयप्रकाश मद्धेशिया, सीमा गुप्ता, अराध्या पाण्डेय, सोनल मिश्रा, नीलम देवी, अंजू देवी, प्रकाश राजभर, अतुल पाण्डेय, नगीना तिवारी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माता प्रसाद पांडेय हत्याकांड: पिता-पुत्र गिरफ्तार

## ●रास्ते के विवाद में गोली मारकर हत्या, पंचायत में दी थी धमकी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुलतानपुर** - कुड़वार बाजार में भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। यह घटना बुधवार रात को हुई थी, और गिरफ्तारी शुक्रवार को की गई। आरोपियों को कोर्ट से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। मृतक माता प्रसाद पांडेय के पुत्र अवनीश पांडेय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने बासी के अशोक तिवारी से एक जमीन खरीदी थी। इस खरीद से रमेश मौर्या असंतुष्ट थे, जिसके कारण भूमि विवाद उत्पन्न हुआ। इसी विवाद को सुलझाने के लिए 25 मार्च को दोपहर करीब 2:30 से 3:00 बजे सतीश उपाध्याय के घर एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में उनके पिता माता प्रसाद पांडेय, रमेश मौर्या,




सुरेंद्र शर्मा, राहुल सिंह और अजय शुक्ला मौजूद थे।

अवनीश के मुताबिक, बैठक में उनके पिता माता प्रसाद की बात को सुरेंद्र शर्मा बार-बार काट रहे थे, जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई। सुरेंद्र शर्मा और रमेश मौर्या ने कथित तौर पर माता प्रसाद को धमकी दी थी कि 'रुकिए अभी थोड़ी देर में तुमसे रास्ता ले लेता हूं।' इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए। घटना वाले दिन शाम को माता प्रसाद अपने बेटे अवनीश और भाई दूधनाथ के साथ कुड़वार बाजार स्थित अपनी दुकान पर खड़े थे। तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आरोपी वहां पहुंचे। एक मोटरसाइकिल पर रमेश मौर्या और एक अज्ञात व्यक्ति सवार था, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल रमेश मौर्या का बेटा अनुराग चला रहा था और उसके पीछे सुरेंद्र शर्मा बैठा था। सुरेंद्र शर्मा और रमेश के पीछे बैठे अज्ञात व्यक्ति ने अपने-अपने असलहे से गोली चला दी। एक गोली माता प्रसाद के बगल से निकल गई, जबकि दूसरी उनके सीने में जा लगी। गोली लगने के बाद रमेश मौर्या ने कथित तौर पर कहा, 'काम हो गया अब रास्ता मिल जाएगा।' इसके बाद सभी आरोपी अपने असलहे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। कुड़वार पुलिस ने इस मामले में रमेश मौर्या (पुत्र स्व. तुलसी राम मौर्या) और अनुराग मौर्या (पुत्र रमेश मौर्या) को फिरोजपुर कला के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों रूपापुर, थाना कुड़वार के निवासी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: सपा प्रदेश सचिव रेहान ख़ान और उनके परिवार को मिली बड़ी राहत, स्त्रढ्ढक्ररद्द



**लखीमपुर खीरी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है, जिससे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान ख़ान और उनके परिवार को बड़ी कानूनी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके विरुद्ध दर्ज एफआईआर (FIR) को पूरी तरह से रद्द (Quash) करने का आदेश जारी किया है। आप को बता दे यह मामला जनपद खीरी के थाना पलिया से संबंधित है, जहाँ रेहान ख़ान एवं अन्य के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 10/2026 विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। इस एफआईआर को चुनौती देते हुए रेहान ख़ान की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन नंबर 412/2026 दाखिल की गई थी। कोर्ट की कार्यवाही और मेडिएशन मामले की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों पक्षों को मेडिएशन सेंटर (मध्यस्थता केंद्र) भेजने का निर्देश दिया था। मेडिएशन सेंटर में हुई आपसी बातचीत और समझौते के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद पूरी तरह सुलझ गया। माननीय न्यायमूर्ति का आदेश मेडिएशन सेंटर की सकारात्मक रिपोर्ट और दोनों पक्षों की आपसी सहमति को आधार मानते हुए, माननीय न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और माननीय न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि समझौते के आधार पर उक्त एफआईआर को समाप्त किया जाता है। इस फैसले के बाद रेहान ख़ान और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। कोर्ट के इस निर्णय से उन पर चल रहे सभी कानूनी विवाद अब पूरी तरह खत्म हो गए हैं।

### बिना प्लॉट के बांटे जा रहे शहरी आवास लेखपाल की, जांच के बाद काई बीना प्लांटआवास दिया

**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अनियमितताओं का मामला सामने आया है नगर पालिका लखीमपुर के वार्ड संख्या 24, मोहल्ला हिदायत नगर में बिना प्लॉट के ही कई लोगों को आवास आवंटित कर दिए जाने का आरोप लगा है। स्थानीय लाभार्थियों का कहना है कि तहसील प्रशासन द्वारा जांच किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि कुछ लोगों को नियमों को दरकिनार कर आवास दिए गए, जबकि वास्तविक पात्र लाभार्थी अब भी योजना से वंचित हैं। लाभार्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि तहसील स्तर पर लेखपाल द्वारा खर्चा मांगने की बात कही जाती है। उनका कहना है कि 'अगर प्लॉट है तो आवास मिल जाएगा और अगर नहीं है, तब भी खर्चा करने पर आवास दिया जा रहा है।' इस संबंध में परियोजना अधिकारी से बात करने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बिना प्लॉट के आवास आवंटन की पुष्टि होती है, तो मामले की जांच कराई जाएगी। साथ ही नियम विरुद्ध दिए गए आवासों की रिकवरी की कार्रवाई भी की जाएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या ठोस कदम उठाता है और पात्र लाभार्थियों को न्याय कब तक मिल पाता है

### गोला से अयोध्या तक ड्यूटी तक के सफर को जबरदस्त सलाम

**हनुमानगढी मे दर्शन कर पुलिस क्षेत्राधिकारी को साधुवाद दे रहे श्रद्धालु**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नवरात्रि-रामनवमी के पावन मौके अयोध्या मे हनुमानगढ़ी में उमड़ी आस्था की लहर को संभालने पहुंचे लखीमपुर खीरी के गोला के तेज-तर्रार पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, 'मीठीबोली' अंदाज़ और जमीन से जुड़ी कार्यशैली से उन्होंने भारी भीड़ को पंक्तिबद्ध कर शांतिपूर्वक लाखो की संख्या मे पहूच रहे लोगो को दरेशन दर्शन करवाए। वही फोटो में साफ दिख रही उनकी मेहनत-श्रद्धा की जुगलबंदी ने प्रशासन और श्रद्धालुओं दोनों का दिल जीत लिया–अयोध्या की भीड़-व्यवस्था में लखीमपुर का यह पुलिस क्षेत्राधिकारी बना आकर्षण का केंद्र। इतना ही नही वहां के श्रृद्धालु भी सुगमता से करा रहे दर्शनो को लेकर सीओ के प्रति आभार जताई रहे है।

# साहब यहां इलाज नहीं, मौत का कारोबार! मानकों को दरकिनार कर संचालित 'यूनिवर्सल हॉस्पिटल

**● आखिर कब तक आला अधिकारियों के रहमों करम पर चलते रहेंगे अवैध व मानक विहीन हॉस्पिटल**

**● 'बगैर पंजीकरण धड़ल्ले से संचालित हो रहा यूनिवर्सल हॉस्पिटल, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली संदिग्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** चिकित्सा पद्धति आज लोगों के लिए रुपए कमाने का जरिया बन कर रह गया है यही कारण है कि शहर से लेकर देहातों तक झोलाछाप डाक्टर और आर्टिफिशियल अस्पताल कुकुरमुत्तों की तरह उग आए हैं जिनकी भेंट हर साल मासूम जनता चढ़ती हैं लेकिन इसके बाद भी इन स्वास्थ्य माफियाओं पर चिकित्सा विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता बस नोटिस थमा कर रह जाता हैं। कुछ समय के बाद हॉस्पिटलों के संचालकों से सांठ गांठ करके अधिकारियों की जेब का वजन बढ़ाकर फिर पुराने अंदाज में अपने काम पर लग जाते हैं और लोगों की जिंदगी और मौत के सौदागर बन जाते है। जानकारी मुताबिक,खीरी जिले का स्वास्थ्य महकमा न तो सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज मुहैया करा पा रहा है और न ही अवैध हॉस्पिटलों को आज तक बंद करा पाया है यही कारण है कि लोग झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर हैं यह झोलाछाप जानकारी के अभाव में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं अब तक कई झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान ले चुके हैं। अभी हाल ही में नवजात बच्चे और मां की मौत मामले में जिला मुख्यालय पर झोले में बच्चे को लेकर परिजनों ने बवाल भी काटा था हालांकि जिलाधिकारी के दखल के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई भी की लेकिन आज फिर वही पुराने अंदाज में कई हॉस्पिटल अपनी जगह क़ायम हो गए और फिर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। खीरी जिले का स्वास्थ्य महकमा गंभीर नजर नहीं आ रहा है कुल मिलाकर अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सिर्फ नोटिस देने तक ही सीमित है।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। जानकारी मुताबिक शहर से जुड़े बेहजम रोड,पानी की टंकी छाउछ, लखीमपुर शहर के अंदर स्थिति 'यूनिवर्सल हॉस्पिटल' के नाम से एक आर्टिफिशियल अस्पताल संचालित बताया जा रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभाग की असीम अनुकंपा बताई जा रही है। इन दिनों यूनिवर्सल हॉस्पिटल का धंधा साहब के रहमो-करम से काफी फलता -फूलता बताने वाले यह भी बताते हैं कि मानकों को ठेंगा दिखाते हुए इस हॉस्पिटल में धड़ल्ले से छोटे-बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं। हालांकि उक्त मामले में स्वास्थ्य विभाग के आला-अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु कोई संतोषजनक जवाब नही मिल सका सूत्रों की मानें तो जिला मुख्यालय पर बैठने वाले एक बड़े डाक्टर की दया-दृष्टि यूनिवर्सल हॉस्पिटल पर है जो समय निकाल कर इस अस्पताल की निगरानी करने आते-जाते रहते हैं, जनचर्चा के अनुसार उनकी मोबाईल लोकेशन से उनकी उक्त अस्पताल में मौजूदगी की पुष्टि की जा सकती है। अब देखना होगा क्षेत्र में गली मोहल्लों में सैलून की तरह खुले अवैध हॉस्पिटलों पर स्वास्थ्य विभाग क्या कार्रवाई करता है? या फिर मुंह में चूरन दबाकर यूं ही तमाशा देखता है।

**'गरीबों की मजबूरी, दलालों की कमाई!**

बेहजम क्षेत्र का अधिकांश इलाक़ा ग्रामीण है गरीब किसान, दैनिक मजदूरी करने वाले लोग आर्थिक तंगी के कारण शहर के अंदर नही जा पाते और नजदीकी निजी हॉस्पिटल में इलाज कराने को मजबूर होते हैं इसी मजबूरी का फायदा उठाकर कमीशनखोर दलाल मरीजों को अवैध हॉस्पिटलों तक पहुंचाने का काम खुलेआम कर रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि यूनिवर्सल समेत अन्य अवैध अस्पतालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए,ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

# बच्चों का एम. डी. एम. बना प्रधानाध्यापक की कमाई का जरिया

**● फर्जी हाजिरी और मेनू को ताक पर रखकर किया जा रहा एमडीएम घोटाला वन टांगिया में अध्ययनरत 52 बच्चों का दो सालों से नहीं मिला**

**● फल दूध एवं एमडीएम ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर लगाए बच्चों को अश्लील भद्दी भद्दी गालियां देने के आरोप टूटी टीन शेड और टूटा पड़ा नल खोल रहा बेसिक शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड विजुआ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलहना पुर का है जहां पर शासन के आदेशों को ताक पर रखकर प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी बीजूआ की मिली भगत से बच्चों के हकों पर खुलेआम डाका डालकर अपनी-अपनी तिजोरिया भरी जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो साल से 52 बच्चों का एमडीएम फल दूध पर प्रधानाध्यापक जी का एक अधिकार कायम है। सूत्र बताते हैं कि बच्चों को यह फल दूध और एमडीएम भले न मिला हो पर कागजों पर एमडीएम परोसा जाता रहा है। और हकीकत की जमीन पर गत दो सालों से बच्चों को एमडीएम न मिलने के आरोप सैकड़ो ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों की जवानी सत्य माने तो प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को फल दूध वितरित करने की बजाय अश्लील भद्दी भद्दी गलियां परोसने के आरोप लगाए जा रहे हैं। क्या है पूरा मामला मिली जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालहना पुर में पंजीकृत जंगल में निवास कर रहे ग्राम बन टांगिया के 52 बच्चे शिक्षा ग्रहण करने जाते थे। गत दो तीन वर्षों से जंगल में बाघ तेंदुआ अन्य जंगली जानवरों की आमद के चलते जंगल एरिया से पढ़ने आने वाले वनटांगिया के बच्चों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा गांव में ही स्कूल की व्यवस्था कर दी गई थी। और एक शिक्षामित्र की तैनाती भी कर दी गई थी। उक्त स्कूल में डाली गई टीन शेड में भी जिम्मेदारों द्वारा जमकर घोटाला किया गया। यह टीन कब बच्चों पर गिर जाए और अप्रिय घटना घट जाए कहां नहीं जा सकता है। यहां पर लगा नल जो अरसे से बिगड़ा हुआ पड़ा हुआ है शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलने को काफी है।अर्से से खराब पड़े नल के चलते पढ़ने आने वाले बच्चों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है। शिक्षामित्र के अनुसार कुल 52 बच्चे पंजीकृत हैं आज 2 साल हो गए हैं फल दूध की कौन कहे इनको एमडीएम भी नसीब नहीं हुआ। शिक्षामित्र का आरोप है कि आज तक कोई जिम्मेदारी यहां पर हाल जानने तक नहीं आया कई बार प्रधानाध्यापक को लिखकर भी दिया गया लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी ।ग्रामीणों का आरोप है कि केवल कागजों पर ही एमडीएम देकर जेबे भरी जा रही हैं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

इस संबंध में जब प्रधानाध्यापक पालनापुर त्रिभुवन जी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया मेरे यहां यह बच्चे पंजीकृत ही नहीं है और ना ही उनकी हाजिरी ही लगाई जाती है ।आपको जहां कहीं भी शिकायत करनी है आप कर सकते हैं। वही जब खंड शिक्षा अधिकारी बीजूआ से उपरोक्त मामले पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों का पंजीकृत विद्यालय में है हाजिरी भी लगवाई जाती है और सभी बच्चों का एमडीएम भी भेजा जाता है यदि शिक्षक गड़बड़ करता है तो उसका मैं क्या कर सकता हूं? शेष पूरी खबर विस्तार से कल के अंक में साक्ष्यों के साथ

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं और महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैलानी-खीरी।** थाना-मैलानी मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के चलते शुक्रवार को बाइक रैली निकालकर बालिकाओं व महिलाओ को जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद लखीमपुर खीरी,अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को बाइक रैली निकालकर महिला जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत हेल्पलाइन नंबर-

1. 1090 वूमेन पावर लाइन
2. 181 महिला हेल्पलाइन नंबर
3. 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर
4. 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर
5. 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर
6. 102 स्वास्थ्य सेवा
7. 108 एंबुलेंस सेवा
8. 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर
9. गर्भवती महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,
10. निराश्रित महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना,
11. बालिक लड़कियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
12. राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना

आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा महिला हेल्प डेस्क,मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी देकर बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया ।बालिकाओं को 'गुड टच बेड टच 'के बारे में भी जानकारी दी गयी ।इसके अलावा उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस की यूपी कॉप एप एवं महिलाओं के लिए समर्पित अन्य सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया ।मिशन शक्ति का उद्देश्य 'मिलकर हाथ बढ़ाएँ,मिशन शक्ति को सफल बनाएँ 'के संकल्प को साकार करना है ।इसमें महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों,घरेलू हिंसा से सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों,विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।साथ ही,उन्हें महत्वपूर्ण उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया,ताकि आपात स्थितियों में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।


**टीम का विवरण**

उ0नि0 योगेन्द्र सिंह,

का0 राजीव सागर,अरुण कुमार,म0का0 विनीता,प्रिया शर्मा,कामिनी विश्नोई,साधना शर्मा,शालिनी शर्मा,दीपमाला थाना मैलानी जनपद खीरी आदि लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि के पावन अवसर पर यज्ञशाला मंदिर पर हवन एवं भंडारे का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला** – नवरात्रि के पावन अवसर पर यज्ञशाला मंदिर पर हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कमेटी के लोगो ने यज्ञशाला मंदिर पर माता रानी को भोग लगाकर एवं मंदिर महंत द्वारा हवन कर कन्याओं को पूरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया और कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे मैं छोटी छोटी कन्याओं एवं बच्चों को भंडारे का प्रसाद वितरण किया एवम महिलाओं ने माता रानी का कीर्तन एवं पूजा अर्चना की मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया ने बताया यज्ञशाला मंदिर माता रानी का काफी प्राचीन मंदिर है यहां नवरात्रि पर अनेकों कार्यक्रम होते रहते हैं और अनेकों श्रद्धालु यहां आकर पूजा करते हैं नवरात्रि के उपलक्ष में यज्ञशाला मंदिर पर कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण किया गया जिसमें विशेष सहयोग मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया का रहा जिसमें मुख्य रूप से मंदिर महंत राधे राधे महाराज बाबा मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया, अग्रज जैन,शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी, पंडित विवेक मुद्गल, दीपू चंद्र, डॉ दिनेश कुमार, संदीप सिंह, मनोज गुप्ता, एमपी शर्मा, राहुल बघेल, राजेंद्र बघेल, मनी श्रोत्रिया, विपिन कुमार, अंशुल गुप्ता, राजा, रानू, दीपक शर्मा, नरेश बघेल, अशोक बघेल आदि लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी पर जय श्री राम के जयकारों से से गूंजा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरेंद्र सिंघलतिलहर।** रामनवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस दौरान जहां तमाम स्थानों पर आयोजित भंडारों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं निकाली गई शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रामनवमी के पावन पर्व पर रस्तोगी धर्मशाला में मां दुर्गा मंदिर का 30 वां स्थापना दिवस व रामनवमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस दौरान आयोजक अशोक रस्तोगी ने अपने परिवार तथा मित्रों के साथ सर्वप्रथम पंडित राम जी के सानिध्य में पूजा अर्चना की उसके बाद देर रात तक चले भंडारे में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अशोक गुप्ता, हरीश गुप्ता, अरुण रस्तोगी, हरी मोहन गुप्ता, सौरभ गुप्ता रवि सहित तमाम लोग मौजूद रहे। जबकि पंजाबी कॉलोनी स्थित गीता मंदिर में दोपहर 11:00 बजे से 12:00 तक महिलाओं ने भगवान श्री राम का भजन कीर्तन किया तथा सायंकाल आयोजित भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया उधर नगर के बंसी वाले मंदिर में हवन एवं पूजा अर्चना के बाद चराई वाले मंदिर से विशाल भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, मां लक्ष्मी, शेरों वाली मां, भगवान शिव पार्वती, विद्या दायिनी सरस्वती एवं राम दरबार की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही शिव तांडव, एवं राधा कृष्ण नृत्य विशेष रूप से सराहा गया ।मोहल्ला कच्चा कटरा में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। तथा तमाम स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर तथा महिलाओं ने देवस्वरूप प्रतिमाओं की आरती उतारकर स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई शोभायात्रा मंदिर परिसर पर पहुंचकर समाप्त हुई। उसके बाद देर रात तक चले भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ ज्योति यादव, प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में भाजपा नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता एडवोकेट,भाजपा नेता संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अंकित अग्रवाल, सुशील बावू गुप्ता, मोहित गुप्ता, शशांक शेखर गुप्ता, अनुज राठौर सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने प्रशिक्षण पूर्ण होने पर जताया आभार,गांव हजरतपुर पहुंचकर अपनों संग मनाई खुशीयां!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुकरा खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी का लाल भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त करने एवं प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद जिला लखीमपुर खीरी के तहसील गोला,ब्लॉक बांकेगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत हजरतपुर निवासी लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह अपने गृह क्षेत्र पहुंचे,जहां उन्होंने सगे-संबंधियों,मित्रों एवं शुभचिंतकों के सम्मान में एक आभार एवं मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह की प्रारंभिक शिक्षा श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, पहाड़पुर खीरी में संपन्न हुई। इसके उपरांत उन्होंने रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,बरेली से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2019 में उन्होंने भारतीय सेना जॉइन कर अपने सैन्य जीवन की शुरुआत की और निरंतर मेहनत,अनुशासन एवं लगन के बल पर अधिकारी पद तक का सफर तय किया। 11 दिसंबर 2025 को लखनऊ स्थित कमीशनिंग समारोह में भारतीय सेना की आर्मी मेडिकल कोर में उन्हें लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने ऑफिसर ट्रेनिंग कॉलेज,लखनऊ में अत्यंत कठिन एवं चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया ।लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह की प्रथम नियुक्ति रांची में हुई है,जहां वे भारतीय सेना के अंतर्गत अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह का वातावरण उत्साह और आत्मीयता से भरपूर रहा। उपस्थित लोगों ने फूलमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ उनका अभिनंदन किया और उनकी उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर उनके पिता सरदार गुरमुख सिंह एवं माता बलविंदर कौर अपने पुत्र की सफलता से अत्यंत गौरवान्वित नजर आए। परिवारजनों ने इसे मेहनत, अनुशासन और ईश्वर की कृपा का परिणाम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने कहा कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास से नहीं बल्कि परिवार,गुरुओं और मित्रों के सहयोग से संभव होती है। इस अवसर पर गोला कोतवाल संतोष कुमार सहित उनके शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों में प्रधान हरजिंदर सिंह,नवरूप सिंह,हरविंदर सिंह,गुरप्रीत सिंह,नरविंदर सिंह,सुखजिंदर सिंह,सुखबीर सिंह,हरप्रीत सिंह, नवजोत सिंह,गुरमीत सिंह,सोहन सिंह,जसविंदर सिंह,केवल सिंह,लखविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं ।समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्मैक तस्कर पर चला पुलिस का हंटर, 80 करोड़ की संपत्ति सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुरेंद्र सिंघल तिलहर।** मुजफ्फरनगर तथा कटरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक स्मैक तस्कर की 80 करोड रुपए की संपत्ति सीज करके प्रशासनिक बोर्ड लगा दिया गया प्रशासन इस कार्रवाई से समाज विरोधी कार्यो में संलिप्त माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिश बाजान निवासी रियाज हुसैन उर्फ बाबू लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी के कार्यों में गिरोह बनाकर संलिप्त था। उसने स्मैक तथा अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करके अपने साथियों के साथ करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित कर ली थी इस मामले में मुजफ्फरनगर की पुलिस के हत्थे जब चढ़ा तब पुलिस ने उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की। मुजफ्फरनगर के बढ़ाना थाने से आए से आए इंस्पेक्टर सुभाष अत्री, इंस्पेक्टर क्राइम ललित शर्मा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव को दी गई जानकारी में बताया कि स्पष्ट कर रियाज और बाबू का मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में आठ खेत, दो मकान, शोरूम, ईंट भट्ट सहित करोड़ों रुपए की अचल संपत्ति है जो कि उसने अनैतिक कार्यों से अर्जित की है। जानकारी मिलने के बाद सीओ ज्योति यादव तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, कोतवाल जुगल किशोर पाल सहित कई स्थानों की भारी पुलिस आरोपित के सभी ठिकारों पर पहुंच गई और उसके बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर की सभी संपत्तियों को सीज कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया कि आरोपी बाबू उर्फ रियाज लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था और अवैध कारोबार से उसने करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की थी। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी लगभग 80 करोड़ रुपये की संपत्तियां सीज की गई है।




# धूमधाम से निकली माँ दुर्गा विसर्जन यात्रा, जयकारों से गूंजा बिसवा

**बिसवां (सीतापुर)** माता शीतला देवी समिति द्वारा आयोजित माँ दुर्गा जागरण के उपरांत भव्य एवं धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए शारदा नहर पुल तक पहुँची, जहाँ विधि-विधान के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भक्तगण अबीर-गुलाल उड़ाते हुए, माता के जयकारे लगाते और नाचते-गाते हुए शारदा नहर पुल तक पहुँचे। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों की दुर्गा प्रतिमाओं का भी धूमधाम से विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में संजय मेहरोत्रा, रवि भल्ला 'दद्दू', रॉकी अरोरा, अवधेश श्रीवास्तव, पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओबरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही दुष्कर्म से स बन्धित प्रकरण में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिर तार



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मु यालय) अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को मात्र 06 घंटे के भीतर गिर तार कर लिया गया। उक्त प्रकरण में थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-58/2026 धारा 333, 64(1), 115(2), 351(3), 127(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राधेश्याम पुत्र तुलसी दास (उम्र लगभग 40 वर्ष) निवासी ग्राम बिल्ली मारकुण्डी टोला खैरटिया थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 27.03.2026 को समय 06:05 बजे सेक्टर-09 चौराहा ओबरा के पास से गिर तार किया गया। गिर तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिर तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, का0 प्रवीण राय शामिल रहे। जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है।

### युवती की फोटो लगाकर बनाई फर्जी आईडी

**अश्लील कंटेंट वायरल करने वाले अज्ञात पर मुकदमा**

**ललितपुर।** डिजिटल दौर में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर अपराध का एक गंभीर मामला थाना महरौनी में सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी तस्वीरें और अश्लील वीडियो (रील्स) वायरल करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बहन के नाम से एक फर्जी आईडी बनाई है। आरोप है कि इस आईडी पर उसकी बहन की असली फोटो के साथ-साथ छेड़छाड़ की गई अश्लील तस्वीरें, अभद्र बातें और गंदी रील्स पोस्ट की जा रही हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी जानबूझकर उसकी बहन को बदनाम करने और उसकी सामाजिक छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित की तहरीर पर महरौनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### रेलवे स्टेशन पर अरिहंत भोजनालय के नाम पर ठगी

**फर्जी वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट लेकर खाना नहीं पहुंचाया, साख धूमिल**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास एक बड़े भोजनालय फर्म के नाम का फर्जी इस्तेमाल कर ठगी का मामला सामने आया है। अरिहंत भोजनालय के मालिक प्रमेन्द्र कुमार जैन ने लिखित शिकायत में बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी फर्म का नाम, जीएसटी, एफएसएसएआई और ट्रेडमार्क नंबर का दुरुपयोग कर रेलरेस्त्रो जैसी वेबसाइट पर खाना बुकिंग का ऑनलाइन ऑर्डर ले रहा है। पैसे तो ले लिया, लेकिन खाना या तो नहीं पहुंचाया या घटिया सामग्री भेज दी। इससे फर्म की साख बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कई ग्राहक फोन करके शिकायत कर रहे थे कि आपने पैसे लिए लेकिन खाना नहीं दिया या सामग्री खराब थी। 26 मार्च 2026 को जब शिकायतकर्ता ने खुद ट्रेन टिकट बुक कर खाना ऑर्डर करवाया तो पता चला कि ललितपुर स्टेशन पर कोई अन्य व्यक्ति (जिसने अपना नाम नेहा वर्मा बताया) उनके फर्म के नाम से खाना पहुंचाने आया था। जीआरपी ने उसे रोका, लेकिन महिला आरक्षी न होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। प्रमेन्द्र कुमार जैन ने शिकायत में स्पष्ट लिखा कि उसकी फर्म के नाम से ऑनलाइन भुगतान लेकर खाना नहीं पहुंचाया जा रहा है। इससे आम जनता को ठगी हो रही है और मेरी फर्म की साख खराब हो रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 319(2), 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# बिहार के भविष्य जद(यू0)के नेता निशांत कुमार को प्रमोद कुमार पटेल ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज- पटना-** जद(यू0) प्रदेश कार्यालय में गोपालगंज, सिवान, एवं सारण जिला के जनता दल यूनाइटेड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुपुत्र पार्टी के नेता बिहार के भविष्य निशांत कुमार के साथ आयोजित बैठक में निशांत कुमार और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को गोपालगंज जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने प्रथम बैठक में पुष्प गुच्छे एवं थावे वाली माता के प्रसाद स्वरूप चुनरी से सम्मानित किया !जदयू प्रदेश कार्यालय में निशांत कुमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा सारण कमिश्नरी के महत्वपूर्ण जिलों गोपालगंज, सीवान और सारण के जिला अध्यक्षों और संबंधित निर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की इस बैठक में उन्होंने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के साथ ही संगठन को सशक्त बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद सह पार्टी के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेत ललन श्राफ्, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी आई टी सेल मनीष कुमार, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा , गोपालगंज जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, सारन जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल, सिवान जिला अध्यक्ष विकास कुमार सिंह उर्फ जिशु सिंह, गोपालगंज जिला से नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार उर्फ मुन्ना कुवर,डॉश योगेश प्रसाद ,चंद्रभान सिंह उर्फ बुलेट सिंह, धर्मराज प्रसाद सिंह, मोश तौहीद, अशोक प्रसाद गुप्ता, बिंदा सिंह कुशवाहा, नितेंद्र राय, लालबाबू राम, सुविकाश सिंह पटेल, सहित छपरा, सिवान के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे ! निशांत कुमार ने कहा कि अपने पिता जी और बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पदचिन्हों पर चलकर बिहार और पार्टी का विकास करेंगे सबको साथ लेकर चलेंगे युवाओं को संगठन और सरकार से जोड़ेंगे !

# जिला कारागार सोनभद्र का औचक निरीक्षण, बंदियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा जिला कारागार का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ बंदियों की कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना गया। प्रातः कालीन गणना के अनुसार, कारागार में बंदियों की कुल संख्या 756 दर्ज की गई, जिसका विवरण निम्नवत है।सिद्धदोष पुरुष बंदी 159, विचाराधीन पुरुष बंदी 557, सिद्धदोष महिला बंदी 04, विचाराधीन महिला बंदी 36, निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने प्रत्येक बैरक का भ्रमण किया और बंदियों से संवाद किया। उन्होंने विशेष रूप से पूछा कि क्या उनके पास मामलों की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध हैं। जिन बंदियों के पास अपना अधिवक्ता नहीं है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। जमानत, पेशी की तारीख और सरकारी अधिवक्ता से संबंधित शिकायतों पर न्यायाधीश महोदय ने सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी को देखते हुए जेल प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। मच्छरों के प्रकोप और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बंदियों का समय-समय पर मेडिकल चेकअप कराया जाए। यदि कोई बंदी अस्वस्थ दिखे, तो तत्काल कारागार चिकित्सक को सूचित किया जाए। जिला कारागार अस्पताल की साफ-सफाई जांची गई और वहां भर्ती बंदियों से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। विजिटर बोर्ड द्वारा जेल की पाकशाला (किचन) का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि। भोजनालय में रोशनी और हवा के लिए पर्याप्त वेंटिलेशन मौजूद है। भोजन तैयार करने वाली टीम में सभी जाति और धर्म के बंदी शामिल हैं, जो सामाजिक समरसता का उदाहरण है। जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए कि जाति, धर्म, लिंग या दिव्यांगता के आधार पर किसी भी बंदी के साथ कोई भेदभाव न हो। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल, प्रभारी जेलर शशांक पटेल, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार, डिप्टी जेलर गंगा प्रसाद यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा साझा की गई है।

# थाना सौजना का वार्षिक निरीक्षण

**●साफ-सफाई व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना सौजना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, ई-मालखाना व बैरक आदि व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों व रजिस्टरों रजिस्टर नं. 8, एनसीआर, रजिस्टर नं. 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10, हत्या/बलवा रोकथाम, भूमाफिया, महिला उत्पीडन्, सम्पूर्ण समाधान, फ्लाईशीट, एचएस एवं आईजीआरएस का अवलोकन किया गया, जो अद्यावधिक व संतोषजनक पाए गए। इसके अलावा ई-मालखाना, शस्त्रागार व बन्दीगृह का निरीक्षण कर शस्त्रों की नियमित सफाई, माल के विधिक निस्तारण व जीडी प्रविष्टियों को समयबद्ध रखने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक समन्वय, डेबिट फ्रीज व लियन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रतिबिम्ब व समन्वय पोर्टलों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु पैदल व रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। मिशन शक्ति केन्द्र के निरीक्षण में महिला सुरक्षा, परामर्श व शिकायत निस्तारण को प्राथमिकता देने, एंटी रोमियो टीम की सक्रियता बढ़ाने तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग पर बल दिया गया। थाना प्रभारी को जनसुनवाई प्रभावी बनाने, बीट पुलिसिंग मजबूत करने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में सभी पुलिसकर्मियों को जनता से शालीन व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी और जमाखोरी पर लगेगा अंकुश

**●डीएम-एसपी के सख्त निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पेट्रोलियम पदार्थों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित हॉल में राज्य मंत्री मनोहर लाल और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अब किसी भी पेट्रोल पंप से बोतल, केन या ड्रम में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल केवल वाहनों में ही भरा जा सकेगा। कृषि कार्यों के लिए किसानों को अधिकतम 20 लीटर डीजल मानक कंटेनर में मिल सकेगा। इसके लिए पंप संचालक को ग्राहक का आधार कार्ड, नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करना होगा। एक ही परिवार के सदस्य अलग-अलग केन में डीजल नहीं ले पाएंगे। सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने होंगे, ताकि तेल भरने के स्थान की स्पष्ट रिकॉर्डिंग हो सके। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोल पंपों पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, जनपद के सभी 28 बॉर्डर पॉइंट्स पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है ताकि जिले का तेल बाहर तस्करी न हो सके। एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें और पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण करें। सेल ऑफिसर द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि जनपद में स्टॉक की कोई कमी नहीं है और टर्मिनल से लगातार सप्लाई मिल रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जमीन हड़पने के लिए रची गई फर्जी दानपात्र की साजिश

**●पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के अंतर्गत थाना महरौनी में धोखाधड़ी और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम दरौनी निवासी 60 वर्षीय हरलाल ने आरोप लगाया है कि उनकी खरीदी हुई जमीन को हड़पने के उद्देश्य से विक्रेता ने अपने ही परिवार के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा और फर्जी दस्तावेज तैयार किए। पीड़ित हरलाल के अनुसार, उन्होंने 24 अक्टूबर 2003 को रामकिशन पुत्र तुलसीदास से ग्राम दरौनी स्थित आराजी संख्या 462 (नया नंबर 697) की 0.498 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। चकबंदी प्रक्रिया चलने के कारण सरकारी अभिलेखों में नाम दर्ज होने की कार्रवाई विचाराधीन थी।

आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर विक्रेता रामकिशन ने जून 2022 में धोखाधड़ी करते हुए उक्त जमीन का दानपात्र अपनी पत्नी उमा और पुत्र दीपक के नाम कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 27 अगस्त 2025 को जब वह महरौनी तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी के लिए आए थे, तब आरोपी रामकिशन, उसकी पत्नी, पुत्र और दो अन्य साथियों (देवनारायण रिछारिया व संतोष कुमार रावत) ने उन्हें घेर लिया। जब हरलाल ने फर्जी दानपात्र का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारपीट की। शोर मचाने पर गवाहों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि पहले थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अब एसीजेएम महरौनी के आदेश पर पुलिस ने पांचों आरोपियों में रामकिशन, श्रीमती उमा, दीपक समेले, देवनारायण रिछारिया और संतोष कुमार रावत के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 351(3), 115(2) व अन्य के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

# ओबरा पुलिस की बड़ी कामयाबी, दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त घटना के 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत ओबरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुष्कर्म से संबंधित गंभीर प्रकरण में एक वांछित अभियुक्त को मात्र 06 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास सुदृढ़ हुआ है।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के आदेशानुसार, जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली।थाना ओबरा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 58/2026, जो कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न गंभीर धाराओं 333(1), 64(2), 115(3), 351 और 127(2) क्क्के तहत दर्ज किया गया था, में नामजद अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी बीच मुखबिर खास से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर दिनांक 27.03.2026 को सुबह लगभग 06:05 बजे, पुलिस ने घेराबंदी कर सेक्टर 09 चौराहा, ओबरा के पास से अभियुक्त को धर दबोचा।नाम राधेश्याम,

पिता का नाम तुलसी दास, निवासी ग्राम बिल्ली मारकुण्डी, टोला खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राधेश्याम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक वैधानिक कागजी कार्यवाही पूर्ण की गई, जिसके पश्चात उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना कर दिया गया है।ओबरा पुलिस की इस त्वरित कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई है।


### श्रद्धालुओं को जल प्रसाद किया वितरण

**ललितपुर।** रामनवमी पर श्रीजगदीश मंदिर प्रांगण में महाप्रभु श्रीरामजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को शीतल जल प्रसाद व्यवस्था अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा इकाई ललितपुर जिला अध्यक्ष वासुदेव पटवा, गोविन्द पुरी द्वारा की गई। जिसमें आए श्रद्धालुओं ने भीषण गर्मी में शीतल जल प्रसाद की सराहना करते इस स्लोगन को शीतल जल है अनमोल जय जगन्नाथ की बोल को काफी सराहा और काफी लोकप्रिय रहा है। इस दौरान अध्यक्ष वासुदेव पटवा गोविन्दपुरी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत वंदन अभिनंदन किया और तिलक लगाया। इस दौरान अध्यक्ष सुधांशु शेखर हुंडैत, श्याम सुंदर हुंडैत, पत्रकार विभाकांत हुंडेत, पीयूष हुंडैत, बब्लू हुण्डैत, जीतू हुण्डैत, हृदेश हुण्डैत परिवार देवकीनंदन पटवा, लालजी पटवा, मनमोहन पटवा, जगदीश पटवा, रोहित पटवा, वन्टी पटवा, श्रीराम नामदेव के अलावा अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित जताई।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन केंद्र की मांग: सांसद जगदंबिका पाल ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर –** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद जगदंबिका पाल ने शुक्रवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विषय उठाते हुए सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर में 'केन्द्रित बौद्ध अध्ययन केंद्र' की स्थापना हेतु संस्कृति मंत्रालय से विशेष वित्तीय सहायता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने सदन का ध्यान सिद्धार्थनगर की प्राचीन बौद्ध धरोहर की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के प्रारंभिक 29 वर्ष प्राचीन कपिलवस्तु में व्यतीत किए। पिपरहवा में प्राप्त पुरातात्विक अवशेष इस क्षेत्र को वैश्विक बौद्ध अध्ययन और सांस्कृतिक



संवाद का एक स्वाभाविक केंद्र बनाते हैं। श्री पाल ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार ने बौद्ध अध्ययन और सांस्कृतिक कूटनीति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। लेह स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ बौद्ध स्टडीज तथा नालंदा स्थित नवा नालंदा महाविहार जैसे संस्थानों को दिए गए समर्थन ने देश में बौद्ध शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा दी है।

इसी क्रम में उन्होंने आग्रह किया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में एक समुचित रूप से वित्तपोषित 'केन्द्रित बौद्ध अध्ययन केंद्र' की स्थापना की जाए, जिसे इन प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया जा सके। यह केंद्र बौद्ध इतिहास, दर्शन, भाषाओं, पुरातत्व और आधुनिक बौद्ध कूटनीति के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं शोध का प्रमुख संस्थान बन सकता है। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि इस केंद्र को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए श्रीलंका, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, जापान और मंगोलिया जैसे देशों के विश्वविद्यालयों एवं बौद्ध अध्ययन संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग एवं समझौता ज्ञापन (एमओयू) स्थापित किए जाएं। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि यह पहल सिद्धार्थनगर की ऐतिहासिक पहचान को नई प्रतिष्ठा देगी और भारत की बौद्ध सांस्कृतिक कूटनीति को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगी।

# पूर्व चेयरमैन निशा बबलू सिंह ने किया प्रभु श्री राम का भव्य पूजन, शोभायात्रा का जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेणुकूट/सोनभद्र।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्री राम नवमी के पावन अवसर पर समूचा जनपद राममय नजर आया। ओबरा नगर में भक्ति का ऐसा संचार हुआ कि हर ओर जय श्री राम के उद्घोष सुनाई दिए। इस पावन उपलक्ष्य में ओबरा की पूर्व चेयरमैन श्रीमती निशा बबलू सिंह ने अपने आवास पर प्रभु श्री राम और माता जानकी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। राम नवमी के अवसर पर नगर में आयोजित भव्य शोभायात्रा जब पूर्व चेयरमैन के आवास पर पहुँची, तो पुष्प वर्षा और शंखनाद से वातावरण गुंजायमान हो उठा। निशा बबलू सिंह ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री राम की आरती उतारी। भक्ति में सराबोर पूर्व चेयरमैन ने रामचरितमानस की सुप्रसिद्ध चौपाइयों के माध्यम से प्रभु के अलौकिक रूप का गुणगान किया ठाकुर भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी नगर की मुख्य गलियों से होकर गुजरी इस विशाल शोभायात्रा का पूर्व चेयरमैन के आवास पर पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया गया। उन्होंने न केवल श्री राम-जानकी के स्वरूपों का पूजन-अर्चन किया, बल्कि शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं का जलपान और अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उनके आवास पर उमड़ी भारी भीड़ ने इस उत्सव को एक महोत्सव का रूप दे दिया। इस गौरवमयी अवसर पर निशा बबलू सिंह ने समस्त क्षेत्रवासियों को राम नवमी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम का जीवन हमें धैर्य, त्याग और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अटूट विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राम ही पार लगाएंगे और प्रभु की कृपा से हमारे क्षेत्र में शांति, सौहार्द और खुशहाली का वास बना रहेगा। इस कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ इस धार्मिक उत्सव में सहभागिता की।

# धार्मिक स्थलों पर नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर भर में व्यापक स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नपाध्यक्ष सोनाली जैन के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें सभी वार्डों के मंदिरों, शिवालयों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर साफ-सुथरा बनाया गया। अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आवागमन वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई कराई गई व चूना का छिड़काव भी कराया गया। नगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस दौरान नपाध्यक्ष ने संबंधित सफाई निरीक्षकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि हिंदूओ की आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में साफ-सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेष अभियान के तहत शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों ललितेश्वर माता मंदिर, काली बउआ माता मंदिर, चंडी माता मंदिर, तुवन मंदिर, तालाबपुरा स्थित छोटी माता मंदिर, पतरुआ माता मंदिर और जागेश्वरी मंदिर सहित विभिन्न मोहल्लों में गहन सफाई कार्य कराया गया। नगर पालिका टीम ने इन सभी स्थलों पर स्वच्छता के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया। अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित स्वच्छता नायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम नवमी पर माँ वीरलोचनी बीजासेन में उमड़ा आस्था का सैलाब

**●बेहद खास है माँ दुर्गा के नौ स्वरूप, उपासना से मिलता है मनचाहा फल**

**मां की कृपा से समस्त जगत धन्य हो : विनीत बाबा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीराम नवमी पर 1008 मां वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ गांधीनगर नई बस्ती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के नौ स्वरूप की पूजा अर्चना कर व्रत रखा तथा मंदिरों में जलभिषेक भी किया। माता के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो बना रहा। जगह-जगह धार्मिक आयोजन और अन्य कार्यक्रमों की भी घूम रही। कई श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी, लाल पुष्प और मिठाई का भोग लगाया। श्रद्धालुओं ने व्रत रख पूजा अर्चना के लिए माता के दरबार की ओर रुख किया। माँ वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ में पूजा अर्चना और भक्ति का सिलसिला चलता रहा माता के अभिषेक पूजन के साथ-साथ उनका श्रृंगार तथा चुनरी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। हिंदू धर्म में नवरात्रि की नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है। नवमी तिथि को रामनवमी और महानवमी के नाम से जाना जाता है। श्री श्री 1008 माँ वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ गांधीनगर नईबस्ती में मां का आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों का तांता दरवार में लगा रहता है। मां के इस मंदिर में नवरात्र के सप्तमी, अष्ठमी और नवमी को विशेष पूजा-पाठ भी किए जाते हैं।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट और गाली-गलौज

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम समोगर में एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वादिया की तहरीर पर गांव के ही तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना महरौनी में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम समोगर निवासी रामदेवी पत्नी खुशीराम ने बताया कि 25 फरवरी 2026 की रात करीब 12 बजे गांव के ही धनीराम पुत्र रामलाल, राघवेन्द्र और दीपक पुत्रगण धनीराम उनके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें शरीर में चोटें आई हैं। वादिया का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें धमकी दी कि यदि भविष्य में उनसे बात की, तो वे उन्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## राम नवमी पर जिलाधिकारी ने राम जानकी मंदिर में किया जलाभिषेक



**कानपुर।** आज राम नवमी के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के श्री विग्रह का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री राम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं आदर्शों के पालन की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व पर हम सभी को आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे समाज में शांति एवं सौहार्द बना रहे।

## रामनवमी की शोभायात्रा के दृष्टिगत किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 27.03.2026 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा सर्किल कलक्टरगंज व सर्किट कोतवाली में रामनवमी दिव्य शोभायात्रा एवं ज्वारा जुलूस के दृष्टिगत व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायज़ा लेते हुए रूट मार्च किया गया व संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की गई तथा निगरानी हेतु ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। शोभायात्रा के दौरान सुचारू एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को ब्रीफिंग कर उन्हें सतर्कता, संयम एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। आमजन से अपील की गई कि वे पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है कि पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराया जाए।

## हनुमान मंदिर चिलबिला में सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया गया राम जन्मोत्सव



**प्रभु के जन्मोत्सव में उमड़ी भीड़ महिलाओं ने गाया मंगल गीत**

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रामनवमी पर सुंदरकांड पाठ का समापन पर हनुमान भक्तों द्वारा हवन पूजन कर किया गया। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नी विधिवत श्री राम दरबार, हनुमान जी महाराज, माता दुर्गा, भोलेनाथ बाबा का विधिवत पूजन आरती कर सुंदरकांड पूर्ण होने पर हवन पूजन किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि आज रामनवमी पर पूर्णाहूति होकर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया। भक्तों ने प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाकर प्रसाद का वितरण किया। सुबह से ही भजन कीर्तन व महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर पूरा मंदिर परिसर प्रभु के जन्मोत्सव से भक्तिमय हो गया था। सभी कार्यक्रम हनुमान भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल, सुरेश अग्रवाल, कपिल देव, राकेश कुमार, त्रिभुवन लाल, प्रशांत सिंह, शनि महाराज, सोनू महाराज, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, विवेक यादव, सूरज, प्रमोद कुमार, छोटेलाल, किशनलाल, आदर्श कुमार, दीपू ,बजरंग लाल, पप्पू, सुरेश माली, श्यामल आदि सैकड़ो की संख्या में भक्तगणो ने हवन पूजन कर प्रभु का जन्मोत्सव मनाया।

# राम नवमी, नवरात्र के समापन पर भव्य शोभा यात्राओं के साथ कानपुर में रही कन्या भोज की धूम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां चैत्र नवरात्र के आज अखिरी दिन राम नवमी पर भगवान के साथ ही मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिरों व घरों में हवन के बाद कन्याओं का पूजन कर उनका भोज भी किया गया। हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय भी रहा। शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती जगदंबा व काली जी की आराधना-साधना के पर्व नवरात्रि में आज प्रातः से ही देवी दरबारों में श्रद्धा की फुहार बरसी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल व चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया व घर-परिवार एवं देश समृद्धि की दुआ मांगी। नवरात्र के दिनों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में विजय लक्ष्मी ,नेहा, अनुराग, शालू ,सुबोध, राघव, माधव बाजपेई, मनीश मिश्रा, मोना किट्टू और कीनू, रूची राज मिश्रा, मीठी, नंदन, कृष्णा आदि ने देवी मां का दर्शन कर मंदिरों व घरों में परांपरागत कन्या-पूजन कर हलवा, पूड़ी, चना, दही-जलेबी आदि का भोग लगाया। साथ ही कन्याओं को लाल चुनरी व उपहार भी भेंट किया।

इस दौरान मंदिरों में 'जय श्री राम व जय माता दी' के उद्घोष के बीच घंटा घड़ियाल भी खूब बजे। वहीं, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से चखा। वहीं हर साल की तरह इस साल भी रामनवमी के भव्य शोभा यात्राओं का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रामलला रावतपुर मंदिर से निकलने वाली सबसे बड़ी रामनवमी शोभा यात्रा के साथ ही अन्य सभी आयोजनों के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तगड़ी तैयारी कर रखी थी जिसके तहत ही रामनवमी पर रावतपुर क्षेत्र से निकलने वाली विशाल शोभायात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी लगाया गया था । अवगत कराते चलें कि रावतपुर क्षेत्र सांप्रदायिक दृष्टिकोण से भी बहुत संवेदनशील है और पूर्व में कई बार हिंसक घटनाएं भी हो चुकी हैं। यही वजह है कि यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखना में कोई भी कसर बाकी नहीं रखी गई।

# नवरात्र में नौ दिन, विधायक के नौ विकास कार्य, दस स्थानों पर लगे ओपन जिम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के नवें दिन आज 27 मार्च 2026 को, विधायक सलिल विश्नोई द्वारा कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। नानाराव पार्क, फूलबाग, कानपुर, फूलबाग मैदान, फूलबाग, कानपुर, गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क, फीलखाना, कानपुर, मन्नीलाल पार्क, दवा मार्केट, बिरहाना रोड, कानपुर, भागीरथी पार्क, सरसैया घाट, कानपुर, आदर्श व्यायामशाला, माल रोड, कानपुर, एस. एन सेन बालिका कालेज, माल रोड, कानपुर, कान्यकुब्ज पब्लिक स्कूल, माल रोड, कानपुर, राधामाधव पार्क, किदवई नगर, कानपुर, दर्शन पुरवा सेण्ट्रल पार्क, कानपुर, गायत्री पार्क, बर्रा-3, कानपुर, श्री ओमर वैश्य विद्यापीठ, श्याम नगर, कानपुर, गोपाल पार्क, ग्वालटोली, सीसामऊ, कानपुर, दुर्गा पूजा पार्क, सूटरगंज, कानपुर, तिरंगा पार्क-1, आनन्दपुरी, कानपुर, तिरंगा पार्क-2, आनन्दपुरी, कानपुर, विवेकानन्द पार्क, नेहरू नगर, कानपुर, बारातशाला पार्क, इन्दिरा नगर, कानपुर, ग्राम टकटौली, शिवराजपुर, बी. एन. एस. डी. इण्टर कालेज, चुन्नीगंज, कानपुर में लगवाये गये 20 ओपन जिमों का सामूहिक लोकार्पण नानाराव पार्क (फूलबाग) में सलिल विश्नोई के कर कमलों दुद्वारा सम्पन्न हुआ। इस सामूहिक लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, पू0पार्षद डा0 नीना अवस्थी, वैभव खण्डेलवाल, नवाब सिंह, विकास सिंह गोल्डन, ऋषि तिवारी, मनीष रावत, धीरज गुप्ता, रोहित जायसवाल, हर्षित लाला, सन्दीप जायसवाल, नवनीत जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ई रिक्शा से उड़ायी लाखों की बैट्री, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने कोतवाली की नाक के नीचे गुरूवार की रात दो ईरिक्शा की लाखों की कीमती बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। कस्बे में चोरी की घटना की जानकारी के बावजूद इलाकाई पुलिस का घटनास्थल पर न पहुंचना लोगों में आक्रोश भी लिए दिखा। नगर पंचायत के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी विनोद कुमार सोनी पुत्र अमरनाथ सोनी तथा यज्ञ नारायण सोनी पुत्र राम सुन्दर ने ई रिक्शा ले रखा है। पीड़ितों के मुताबिक रोज की तरह ई रिक्शा दरवाजों पर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा दोनों ईरिक्शा से चार बैटरी खोलकर उठा ले गये। शुक्रवार की सुबह चोरी की घटना सुनकर आसपास के लोग इकटठा हो गये। लोगों में यह चर्चा भी रही कि गुरूवार की देर शाम तक पुलिस ने विद्या मंदिर पुल पर चेकिंग भी लगा रखी थी। इसके बावजूद आखिर बदमाशों ने पुलिस की चेकिंग की हवा निकाल ही दी। पीड़ितों ने घटना के बाबत लालगंज पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## नवमी महोत्सव पर मां सत्यनारायणी धाम में उमड़ा जनसैलाब, हजारों भक्तों ने किया दर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** रामनवमी के अवसर पर नवरात्र के अंतिम दिन लंभुआ तहसील क्षेत्र के भगवतीपुर गांव स्थित मां सत्यनारायणी धाम में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नवमी महोत्सव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और हलवा-पूरी, नारियल व चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह लगभग 5 बजे से ही भक्तों का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया था। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और दोपहर करीब 1 बजे तक दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर वाराणसी से पधारे संत शारदा महाराज के सानिध्य में पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर हवन-पूजन किया। यज्ञ के दौरान वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा।




मंदिर परिसर में मां सत्यनारायणी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि यहां प्रत्येक रविवार को मेला लगता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर का निर्माण लगभग 30 वर्ष पूर्व उनके पिता संत सूर्यपाल महाराज द्वारा कराया गया था। हालांकि इस स्थान पर सैकड़ों वर्षों से लोगों की गहरी आस्था रही है और लोग यहां पूजा-अर्चना के लिए आते रहे हैं। नवमी महोत्सव के अवसर पर उमड़ी भीड़ ने एक बार फिर इस धाम की आस्था और लोकप्रियता को दर्शाया।

## कम्पनी बाग से निकली भव्य शोभायात्रा, भक्ति से ओतप्रोत नारों से गूंजा शहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में रामनवमी के पर्व पर समस्त सनातनियों के मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे हिन्दू युवा वाहिनी की जिला इकाई के तत्वावधान में गुरूवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व निवर्तमान जिला संयोजक बब्लू निषाद एवं शशि भूषण सिंह ने किया।

नेताद्वय ने जनपदवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दिया। जनपद के कोने कोने से आयी हुई झांकियों, डी0जे0, ढोल भांगडा, रथ, घोड़े तथा कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण कम्पनी बाग में हुआ। कमल टेंट हाउस के प्रोपाइटर कमल सेन तथा पवन मल्होत्रा ने विधि विधान से पूजन व आरती के उपरान्त शोभा यात्रा को रवाना किया। इसके बाद गांधीनगर स्थित श्री हनुमान गढ़ी में भी शोभायात्रा की आरती हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, हियुवा के प्रदेश प्रभारी,




डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने शोभा यात्रा को केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा गांधी नगर से रोडवेज तिराहा, जिला अस्पताल चौराहा, दक्षिण दरवाजा, मंगल बाजार, करुआ बाबा तिराहा, नयी बाजार होते हुए श्री मारवाड़ी मंदिर, पाण्डेय बाजार पहुंची यहां भी श्रद्धालुओं ने आरती एवं पूजन किया तदुपरान्त प्रसाद वितरण किया गया और अगले वर्ष तक के लिए यात्रा स्थगित हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती, जलपान की व्यवस्था तथा पुष्प वर्षा किया। आज की शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से निवर्तमान जिला महामंत्री संगठन विनय सिंह, निवर्तमान जिला महामंत्री कन्हैया लाल, सूरत प्रसाद दूबे, आई0टी0 सेल संयोजक धर्मेन्द्र कुमार, जय प्रकाश सिंह, अमृत लाल, संजय चौधरी, ब्रिजेन्द्र कुमार, संतोष राजभर, बाबू राम वर्मा, गंगा राम चौधरी, रवि सिंह, चंद्रभूषण प्रजापति, दुर्गेश भारतवंशी, प्रमोद सिंह, श्यामनाथ, सूरज मिश्रा, रोहित प्रजापति, भोला यादव, संदीप त्रिपाठी, राहुल गौड़, कल्लू राजभर, देववर्त चौधरी सहित हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चाय-नाश्ते की दुकान पर छापा, 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिलगन फाटक के पास जिला पंचायत की बनी हुई चाय-नाश्ते की दुकान पर पुलिस ने बुधवार शाम को छापा मारा। दुकानदार सुदीप कुमार को 21 क्वार्टर (टेट्रा पैक) अवैध देशी शराब (मार्का रसभरी) बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। 26 मार्च 2026 को शाम 7.01 बजे चौकी प्रभारी दैलवारा ललित उज्जवल को मुखबिर की सूचना मिली कि सिलगन फाटक के पास चाय की दुकान चलाने वाला व्यक्ति अपनी दुकान के बाहर बैठकर अवैध देशी शराब बेच रहा है।

सूचना पर तुरंत टीम के साथ पहुंची पुलिस ने दुकान के सामने बैठे व्यक्ति को घेर लिया। व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी सुदीप कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण बताया। पुलिस ने उसके पास से बाएं हाथ में लिये लाल रंग के थैले (देवास क्लाथ हाउस) में से 21 क्वार्टर टेट्रा पैक अवैध देशी शराब मार्का रसभरी बरामद की। आरोपी से लाइसेंस मांगा गया तो वह कुछ नहीं दिखा सका और गलती की माफी मांगने लगा। उसने बताया कि साहब, घर में पूजा है, इन्हें पूजा में इस्तेमाल करने के लिए रखा था, एक-आध बेच भी लेता हूं। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

## सिद्धार्थनगर में बर्डपुर सिद्धार्थ गैस एजेंसी पर मारपीट, केस दर्ज



**सिद्धार्थनगर-** जिले के बर्डपुर स्थित सिद्धार्थ गैस सर्विस (एचपी एजेंसी) पर गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे कुछ लोग नंबर को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, घटना की सूचना पर मोहाना थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई, मोहाना चौक निवासी सतीश कुमार गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने बाबूराम यादव निवासी ग्राम बनियाडीह थाना कोतवाली कपिलवस्तु और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## विकास खण्ड सदर में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड सदर परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर/प्रशासक क्षेत्र पंचायत सदर नैन्सी सिंह, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण एवं प्रधानगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सदर जीतेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं प्रधानगणों का स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा विकास खण्ड में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं यथा-समाज कल्याण से सम्बन्धित पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, एनआरएलएम कार्यक्रम के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूह एवं बाबा साहेब अम्बेडकर प्रोत्साहन योजना, मनरेगा, राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। क्षेत्र पंचायत की पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई एवं परिपालन की स्थिति से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा विभिन्न विकास




योजनाओं के प्रस्ताव/कार्य योजना को बैठक में प्रस्तुत किया गया। अन्त में उपजिलाधिकारी सदर/प्रशासक क्षेत्र पंचायत की अनुमति से आहूत बैठक को समाप्त किया गया। बैठक में विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकीय), सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (स0क0), सहायक विकास अधिकारी (महिला), अवर अभियन्ता, आरईडी ग्रा0वि0अ0 अभिषेक रावत, संजय रावत, संदीप यादव, मितेश चन्द्र, नेहा शर्मा एवं ग्रा0पं0अ0 मनोज कुमार पटेल, दीपक यादव, संगीता पाल, प्राची श्रीवास्तव, कुं.संजना आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन शिक्षा विभाग के धर्मेन्द्र कुमार ओझा द्वारा किया गया।

# लखनऊ में आयोजित सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में जनपदीय टीम ने हासिल किया पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ के ज्यूपटर आडोटोरियम में उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली जनपदीय टीम ने सफलता हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला एवं क्विज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से चार चार प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बस्ती मंडल बस्ती राकेश कुमार सैनी के नेतृत्व में जनपद सिद्धार्थनगर से जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार



शुक्ल, मंजू गौतम, काउंसलर श्याम शर्मा, विजयलक्ष्मी ने प्रतिभागिता की। टीम ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर और स्लोगन प्रस्तुत किये, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। सड़क सुरक्षा संवाद प्रश्नावली के तहत क्विज प्रतियोगिता में अमित कुमार शुक्ल और श्याम शर्मा ने सही उत्तर दिये। उत्तर प्रदेश परिवहन प्रर्वतन अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट नौशाद अली सिद्दीकी ने इनकी सफलता पर पुरस्कार स्वरूप हेलमेट देकर सम्मानित किया। प्रतिभागी टीम सदस्यों ने कहा कि वे अब जनपद में स्काउटिंग गाइडिंग के माध्यम से आरटीओ कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर, सड़क सुरक्षा ट्रेनिंग नियमों का पालन करवाने में सहयोग करेंगे। डीआईओएस अरूण कुमार, बीएसए शैलेश कुमार, जिला मुख्यायुक्त समर बहादुर सिंह, स्काउट कमिश्नर करूणा कान्त, गाइड कमिश्नर अर्चना सिंह, जिला सचिव अजय शंकर उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार, जिला गाइड कैप्टन अर्चना वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट राजित कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड डॉ इफ्तेखारून निशा, स्काउटर कुलदीप कुमार, हेमंत कुमार गुप्ता आदि ने प्रतिभागी टीम को बधाई दी।

## उपभोक्ता पारदर्शिता को लेकर हुई संगोष्ठी, गुणवत्ता पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के पूरे हरिकिशुन वार्ड में नवीन प्रतिष्ठान मां अम्बे ट्रेडर्स में राम नवमी के पर्व पर पूजन अर्चन में लोगों की भीड़ जुटी दिखी। वहीं व्यापारिक क्षेत्र में उपभोक्ता पारदर्शिता को लेकर यहां संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने संयुक्त रूप से यहां उपभोक्ता सुविधा कक्ष का भी फीता काटकर उदघाटन किया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए संस्थान के प्रबंधक आईपी मिश्र ने कहा कि उपभोक्ताओं को कारोबारी के क्षेत्र में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय ने की। संयोजिका निशा मिश्रा ने अतिथियों को सम्मानित किया। सह संयोजक सोनू मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर समाजसेवी श्रीकृष्ण तिवारी, मनरेगा प्रभारी पवन शुक्ला, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव छोटेलाल सरोज, सभासद आशीष कौशल, सभासद दारा सिंह, मनीष शुक्ला, दिनेश सिंह, अजीत शुक्ला, पूजा, प्रवीण मिश्र आदि रहे।

## अश्लील हरकत को लेकर दो के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़िता के साथ रास्ते में अश्लील हरकत को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार की शाम वह खेत जा रही थी। सूनसान रास्ते में अचानक लखापुर निवासी आरोपी सुमित सरोज पुत्र राजू सरोज तथा सत्यम ने जबरिया उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़िता का यह भी कहना है कि आरोपी उसके स्कूल आते जाते समय भी छेडखानी किया करते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमित समेत दो के खिलाफ छेडछाड़ का केस दर्ज किया है।

# जिलाधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण किया, गोवंश की पूजा -अर्चना कर गुड़ एवं केला खिलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-**जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु अंतर्गत वार्ड नंबर 13 कृष्णा नगर (टोला मदारीपुर) स्थित अस्थाई गौशाला में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ तनुषा द्वारा निरीक्षण एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गौशाला पहुंचकर वहां संरक्षित गौवंश की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उन्हें गुड़ एवं केला खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा गौशालाओं की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में साफ-सफाई, पशुओं के चारे-पानी, शेड की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का



बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नियमित रूप से पशुओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तथा साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, समय-समय पर कीटाणुनाशक छिड़काव कराने एवं पशु चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी की धर्मपत्नी डॉ तनुषा ने भी गौशाला में उपस्थित गायों को स्नेहपूर्वक गुड़ एवं केला खिलाया और उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का विशेष महत्व है और यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और गौ सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और गौशाला की व्यवस्थाओं में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं नगर पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# जाति सूचक गालियों से भरी मारपीट

**● बसोर जाति के व्यक्ति को जान से मारने की धमकी**

**प्रधान देवेंद्र कुशवाहा व शिवम कुशवाहा पर एस.सी.एस.टी. एक्ट व बीएनएस की धाराएं लगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरारी में आवास संबंधी विवाद को लेकर दो आरोपियों ने एक बसोर जाति के व्यक्ति को बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने जाति सूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पत्नी आरती ने गुरुवार देर रात थाने में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार घटना 26 मार्च 2026 को दोपहर 12.32 बजे हुई। पीड़ित शशिकांत पत्नी आरती के अनुसार आवास की बात करने के लिए प्रधान देवेंद्र कुशवाहा के घर गए थे। वहां रामस्वरूप पुत्र मुन्नालाल और जितेंद्र पुत्र चंद्रभान भी मौजूद थे। शिकायत में आरती ने लिखा है कि जब उनके पति ने आवास की बात शिवम कुशवाहा से की तो वह भड़क गया। कुछ ही देर में प्रधान देवेंद्र कुशवाहा भी आ गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने शशिकांत को बुरी तरह मारा-पीटा। जब पीड़ित वहां से निकलकर नहर के पास पहुंचे तो आरोपियों ने फिर पीछा किया और वहां भी जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए मारपीट की। जाते समय उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र की निवासी कनिज फातिमा ने अपनी पुत्री समसीन रहेबर के साथ दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर मारपीट व प्रताड़ना की जाती रही। पीड़िता की शादी 14 नवम्बर 2019 को कौशाम्बी निवासी मो. सैफ उर्फ गोलू के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने गहने व कपड़े छीनकर उसे घर से निकाल दिया। मामला पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थिनी के अनुसार 24 मार्च 2026 की रात आरोपी ने फोन कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया और गोली मारने की धमकी दी। साथ ही चरित्र पर आरोप लगाकर मानसिक उत्पीड़न भी किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उत्पीड़न भ्रष्टाचार के खिलाफ सपा का होगा धरना प्रदर्शन पूर्व मंत्री ने की बैठक



**बरेली/नवाबगंज** विधानसभा में हो रहे भ्रष्टाचार उत्पीड़न के विरोध पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार नवाबगंज में 2 अप्रैल को एक विशाल धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है इसके लिए उन्होंने क्यों लड़िया में एक बैठक का आयोजन कर जनता से अपील की और कहां । अब उत्पीड़न बर्दाश्त करने से बाहर हो चुका है इसलिए इसके खिलाफ आवाज उठानी आवश्यक है इसके लिए नवाबगंज में 2 अप्रैल को विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा जिससे निर्दोष लोगों पर हो रहे उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगा सके इसके लिए भारी संख्या में नवाबगंज पहुंचने की अपील की । यह बैठक सपा के अनिल गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई है इसलिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए भारी संख्या में पहुंचकर अपनी मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष रखा जा सके यहां पर पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है यहां पर उपस्थित पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना पुरुषोत्तम गंगवार राधा कृष्ण और पप्पू समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जन कल्याण हेतू मां शीतला के मंदिर पर अखंड श्री रामचरितमानस का किया गया पाठ

**सीखड़ मीरजापुर।** प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर में स्थित प्राचीन शीतला माता के मंदिर पर वासंतिक नवरात्र के महाअष्टमी नवमी तिथि पर जन कल्याण हेतु अखण्ड श्रीरामचरितमानस का पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समापन के उपरांत अखण्ड पाठ का हवन पूजन कर पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 51 कन्याओ का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराते हुए दक्षिणा देकर विदा किया गया। वहीं सायं 5 बजे से भण्डारे में प्रसाद वितरण का शुभारंभ हुआ जहां देर रात तक बड़ी संख्या में भक्तों ने माता रानी के प्रसाद को ग्रहण किया।इस दौरान विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन समिति के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

### रामानंद नगर में धूम धाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव



**भक्तों ने किया भगवान श्री राम जी की दिव्य झांकी का दर्शन ।**

**नैनी, प्रयागराज ।** श्री महंत भरतदास ट्रस्ट के द्वारा रामानंद नगर भारद्वाज पुरम में राम जानकी मंदिर में धूमधाम से भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी ने किया कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता सुशील कुमार जैन रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री सैफुल अब्बास मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, पार्षद स्वारिका भारद्वाज,सोनू पटेल, कमलेश तिवारी, दुर्गेश दुबे,डा आर बी सिंह, अतुल ओझा, विकास गुप्ता,बाली श्रीवास्तव, आदि सैकड़ो राम भक्तो ने भगवान श्री राम जी की दिव्य झांकी का दर्शन किया।

# कौशांबी में भीषण सड़क हादसा पिकअप की ट्राला से टक्कर

**●8 श्रद्धालुओं की मौत कई घायल**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



कौशांबी उत्तर प्रदेश के जनपद कौशांबी में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हादसा प्रयागराज से फतेहपुर लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप वाहन के सड़क किनारे खड़े ट्रेलर (ट्राला) से टकराने से हुआ। घटना सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (कानपुर-प्रयागराज हाईवे) पर पेट्रोल पंप के निकट दोपहर में हुई। पिकअप वाहन में सवार लोग प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मुंडन संस्कार कराकर अपने गांव फतेहपुर जिले के बड़ोखर लौट रहे थे। तेज रफ्तार और संभवतः ओवरलोडिंग के कारण चालक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पार्क किए गए ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के बड़ोखर गांव के निवासियों के रूप में हुई है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयानः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशांबी में हुए इस दुखद सड़क हादसे पर गहरा संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है। सीएम योगी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता (एक्स ग्रेशिया) प्रदान की जाए और घायलों का समुचित एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच के भी निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पुलिस ने ट्रेलर चालक और पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पार्किंग के नियमों का उल्लंघन और तेज गति संभावित कारण बताए जा रहे हैं। इस दुर्घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर पार्किंग की अनियमितता पर सवाल उठाए हैं और बेहतर यातायात प्रबंधन की मांग की है। परिजनों ने मृतकों के शवों को सौंपने और उचित मुआवजे की मांग की है। आगे की जांच जारी है।0

# हनुमान चालीसा पर सपा नेता का विवादित बयान, पार्टी ने किया बाहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हरदोई** – समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव यदुनंदन लाल वर्मा ने एक सार्वजनिक सभा में हनुमान चालीसा को 'लोगों को बेवकूफ बनाने का तरीका' बताते हुए भगवान श्रीराम और उनकी मां पर भी अभद्र टिप्पणी कर दी। इस विवादित बयान के बाद सपा ने तुरंत उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी है। हरपालपुर थाना क्षेत्र में 27 मार्च को उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई हुई है।

**क्या कहा था यदुनंदन लाल वर्मा ने?**

सभा को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा, 'महावीर जब नाम सुनावै, रोग-दोष जाके निकट न आवै... ये सब केवल बेवकूफ बनाने का तरीका है। जब तक राजनीतिक ताकत हमारे हाथ में नहीं होगी, तब तक दुख-कठिनाइयां हनुमान चालीसा से खत्म नहीं होंगी। 'उन्होंने वाल्मीकि रामायण का हवाला देते हुए भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया और अश्वमेध यज्ञ को आडंबर करार देते हुए कहा, 'अश्व माने घोड़ा, मेध यानी काटना... धर्म के नाम पर आज भी ऐसा ही कुछ बनाया जा रहा है। जब तक हम इस अंधविश्वास में फंसे रहेंगे, हम आगे नहीं बढ़ सकेंगे। 'वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे जिले में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**सपा की कार्रवाई**

सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा, 'वीडियो हमारे संज्ञान में आया है। यदुनंदन लाल वर्मा ने हिंदू देवी-देवताओं पर अनर्गल बयान दिया है। पार्टी इसकी निंदा करती है। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रदेश नेतृत्व को लिख दिया है और उनकी सक्रिय सदस्यता रद्द कर दी गई है। '

**विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा, 'मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा। इसका जवाब जनता देगी और उन्हें उनके सही स्थान पर पहुंचा देगी। ' केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने इसे सपा की साजिश बताते हुए कहा, 'यह सनातन और हिंदुत्व के खिलाफ साजिश है। सपा मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए ऐसा करती है। वाल्मीकि जी की रचना पर टिप्पणी करने वाला सपा का प्रदेश सचिव खुद को तुलसीदास से ज्यादा ज्ञानी समझता है। अगर इतना शौक है तो इस्लाम और कुरान पर कमेंट करके दिखाएं। 'उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा, 'यह घटिया और गंदा आदमी है। विनाश काले विपरीत बुद्धि। अगर राम के बारे में ऐसे बोल रहे हैं तो खुद किसकी औलाद हैं? ऐसे व्यक्ति समाज में रहने लायक नहीं हैं। अखिलेश यादव को ऐसे नेता को तुरंत बाहर करना चाहिए। '

**कौन हैं यदुनंदन लाल वर्मा?**

यदुनंदन लाल वर्मा रिटायर्ड शिक्षक और पूर्व किसान नेता हैं। उन्होंने 2009 में भाजपा से बिलग्राम उपचुनाव लड़ा था। बाद में बसपा में रहे और 2022 में सपा में शामिल हुए। वे सवायाजपुर से विधानसभा टिकट की दावेदारी भी कर रहे थे। पुलिस अधिकारी सीओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। यह घटना हरदोई में धार्मिक भावनाओं को लेकर नई बहस छेड़ने वाली साबित हो रही है।

# मोबाइल क्रय केंद्र से गांव-गांव होगी गेहूं खरीद, डीएम के सख्त निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बैठक व कार्यशाला सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों को अधिकतम सुविधा देते हुए पारदर्शी और तेज़ खरीद सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि शासन द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है और 15 जून 2026 तक खरीद की जाएगी। इस वर्ष 36 के सापेक्ष 33 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। पिछले वर्ष 18,500 मीट्रिक टन लक्ष्य के मुकाबले 3,237.67 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई, जिसमें 1113 किसानों को लाभ मिला। जिलाधिकारी ने बड़ा फैसला लेते हुए 100 कुंतल तक गेहूं बिक्री को सत्यापन मुक्त कर दिया है। यानी अब छोटे किसानों को सत्यापन की प्रक्रिया से राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी केंद्र प्रभारी लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित करें, अन्यथा अगली बार केंद्र स्वीकृति पर असर पड़ेगा। डीएम ने कहा कि केंद्र प्रभारी गांवों में जाकर मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से सीधे किसानों से गेहूं खरीदें। गांव में ही किसानों को बोरी उपलब्ध कराई जाए और वहीं से ट्रक लोड कर सीधे एफसीआई भेजा जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक भागदौड़ न करनी पड़े। उन्होंने एसडीएम को नियमित समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि 100 कुंतल से अधिक बिक्री वाले किसानों का सत्यापन तुरंत कराकर खरीद सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही गेहूं के अवैध भंडारण व परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसानों की सुविधा के लिए क्रय केंद्रों पर पेयजल, बैठने, पार्किंग, प्रकाश और गेहूं की सुरक्षा के लिए त्रिपाल की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। साथ ही मंडी गेट पर प्रचार-प्रसार के लिए बड़े फ्लैक्सी बैनर लगाए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह सहित विभिन्न एजेंसियों–पीसीएफ, भारतीय खाद्य निगम, यूपीएसएस व यूपीसीयू–के अधिकारी मौजूद रहे।

# झूंसी में जलनिकासी संकट: नैका सहित कई इलाकों में नालियों का अभाव बना बड़ी समस्या

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज ।** झूंसी क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। विशेष रूप से नैका, नई बस्ती, कटका, और आसपास के कई मोहल्लों में नालियों के अभाव और जर्जर जलनिकासी व्यवस्था ने स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर कर दिया है। हर साल बारिश के मौसम में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वर्षों से शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

**बरसात में बनता है 'तालाब'।**

झूंसी के नैका इलाके में हल्की बारिश भी सड़कों को तालाब में बदल देती है। पानी निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण गंदा पानी कई दिनों तक सड़कों और गलियों में जमा रहता है। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार घरों में भी पानी घुस जाता है, जिससे घरेलू सामान को नुकसान उठाना पड़ता है।

**नालियों का अधूरा निर्माण और खराब रखरखाव**

कई जगहों पर नालियों का निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। जहां नालियां बनी भी हैं, वहां नियमित सफाई नहीं होने के कारण वे कचरे से भरी रहती हैं। परिणामस्वरूप पानी का बहाव रुक जाता है और जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश।**

नैका और आसपास के इलाकों के निवासियों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और संबंधित विभागों से शिकायत की, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वादे तो करते हैं, लेकिन बाद में समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं।

**स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर।**

गंदे पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है।

**जिम्मेदार कौन?**

स्थानीय प्रशासन, नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी भी इस समस्या का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। योजनाएं बनती हैं, बजट भी पास होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम अधूरा रह जाता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी?।**

अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में जलनिकासी सुधार के लिए योजनाएं बनाई गई हैं और जल्द ही काम शुरू होगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का विश्वास अब इन दावों पर कम ही रह गया है।

# रिश्तों पर घाव,दो सगे भाईयों ने की बहन की हत्या, पुलिस ने गिरफ़्तार कर दोनों को भेजा जेल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीतापुर** – एक परिवार की खुशियां चंद घंटों में मातम में बदल गई। थाना संदना क्षेत्र के लौली पुलिया के पास नहर पटरी किनारे मिले 20 वर्षीय युवती मोनिका के शव ने पूरे जिले को झकझोर दिया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ - हत्या में मृतका के ही दोनों सगे भाइयों की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बुधवार सुबह की है, जब स्थानीय लोगों ने नहर किनारे एक युवती का शव पड़ा देखा। शव पर सिर और शरीर पर धारदार हथियार से लगे गंभीर चोट के निशान थे। शव की शिनाख्त मछरेहटा क्षेत्र के सतनपुर गांव निवासी राजकिशोर की पुत्री मोनिका (20) के रूप में हुई। मोनिका नोएडा जाने वाली थी और शाम को भाई महानंद उसे बस पकड़ाने संदना ले जा रहा था। मोनिका की मां रजनी देवी ने थाने में तहरीर देकर अपने बेटे महानंद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई और सिर पर धारदार हमले से मौत बताई गई।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सबूत**

इंस्पेक्टर संदना अरविंद कटियार ने बताया कि तकनीकी सबूतों ने जांच को दिशा दी। आरोपी भाई महानंद की मोबाइल लोकेशन घटनास्थल लौली पुलिया के आसपास और उसके बाद कुछ घंटे तक अनोगी मोड़ के पास मिली। क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम और अन्य यूनिटों की मदद से पुलिस ने दोनों सगे भाइयों को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध कबूल लिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। दोनों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 34 (साझा मंशा) समेत अन्य धाराएं लगाई गई हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'परिवार के अंदरूनी विवाद को लेकर यह जघन्य घटना हुई। हमने कोई लापरवाही नहीं बरती। तकनीकी सबूत, मोबाइल लोकेशन और परिवार की पूछताछ से दोनों मुख्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया। जांच पूरी होने के बाद चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

**भावुक परिवार और इलाके में सनसनी**

परिवार अब टूट चुका है। एक तरफ बेटी की मौत का गम, दूसरी तरफ बेटों द्वारा किए गए इस कृत्य का सदमा। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'भाई-बहन का रिश्ता सबसे पवित्र होता है, लेकिन यहां भाइयों ने ही बहन की जान ले ली।'

**पुलिस का आश्वासन**

थाना प्रभारी ने कहा, इस दर्दनाक घटना में हमने तेजी से एक्शन लिया। दोनों आरोपी अब जेल की सलाखों के पीछे हैं। परिवार के अन्य सदस्यों से भी पूछताछ जारी है। पूरा मामला जल्द कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# 23 वर्षों से निरंतर फलाहार वितरण का पुनीत कार्यक्रम इस वर्ष भी जारी

**● त्रिकोण करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने से भी आस्था और भक्ति की भाव उत्पन्न होता है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी देवी धाम में प्रतिवर्ष लगने वाले बासंतिक और शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर श्री राम सेवा समिति के सौजन्य से तथा समिति के अध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी के नेतृत्व में पिछले 23 वर्षों से लगातार त्रिकोण करने वाले भक्तों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं को फलाहार वितरण का सेवा कार्य किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य के माध्यम से समिति के सदस्य मां की कृपा और भक्तों की सेवा से पुण्य के भागीदार बन रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने पत्रकारों से विशेष वार्ता में बताया कि विगत 23 वर्षों से नवरात्र मेले के दौरान नौ दिनों तक मां काली का विधिवत श्रृंगार कराने के उपरांत पहले दिन से लेकर नवरात्र की नवमी तक त्रिकोण यात्रियों को मां विंध्यवासिनी का प्रसाद स्वरूप फलाहार वितरित किया जाता है। भक्तों को स्वादिष्ट भुना बादाम, ताजा केला, सेव, संतरा तथा फलाहारी हलुआ का वितरण किया जाता है। इस सेवा कार्य में समिति के युवा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहता है। वे पूरे नौ दिनों तक लगातार सेवा में तत्पर रहते हैं। हलुआ पकाने, बादाम भूनने, प्रसाद तैयार करने तथा भक्तों को वितरित करने में वे अथक प्रयास करते हैं। इसी नवरात्र के अवसर पर समिति द्वारा शिवपुर बस्ती में चश्मा वितरण के साथ ठंडा शरबत भी वितरित किया गया, जिसका स्थानीय श्रद्धालुओं और यात्रियों ने खूब लाभ उठाया। इस सेवा से गर्मी में थके-मांदे भक्तों को काफी राहत मिली। श्याम सुंदर केसरी ने बताया कि यह सेवा धनंजय त्रिपाठी जी के साथ मिलकर 23 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, 'मां विंध्यवासिनी देवी की दिव्य प्रेरणा से हमने यह संकल्प लिया कि जहां लाखों भक्त आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और जीवन को धन्य बनाते हैं, वहां हम उनकी छोटी-छोटी सेवाओं के माध्यम से अपना योगदान दें। आज 23 वर्ष बीत गए, लेकिन सेवा करते-करते इतना आनंद और संतोष मिला कि समय का पता ही नहीं चला। यह सेवा अब हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुकी है। ' यह निरंतर सेवा भाव मां विंध्यवासिनी के प्रति अटूट श्रद्धा, भक्तों के प्रति गहरी संवेदना और सामाजिक समर्पण का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करता है। श्री राम सेवा समिति के इस प्रयास से न केवल भक्तों को तृप्ति मिलती है, बल्कि पूरे विंध्याचल क्षेत्र में सेवा और भक्ति की मिसाल भी स्थापित हो रही है। समिति के सभी सदस्यों और युवा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से यह परंपरा आने वाले वर्षों में भी और अधिक उत्साह के साथ जारी रहेगा। इस दौरान संस्था उपाध्यक्ष देवी प्रसाद सेठ, महामंत्री अभिषेक अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बाला जी केशवानी, ट्रस्टी व प्रबंधक चंद्रमा प्रसाद ओझा, डॉ एस एन सिंह कार्यक्रम संयोजक, संदीप सिंह कार्यक्रम कार्यक्रम समन्वयक, कृष्ण कुमार अग्रहरि महामंत्री आयोजन समिति के साथ दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# भगवान् श्रीराम जन्मोत्सव विशेष मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम न्याय और अन्याय के संघर्ष में सदैव पीड़ित के पक्षधर रहते हैं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर स्त भकार सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि भगवान बाल्मीकि ने राम की व्या या करते हुए कहा है कि रामोविग्रहवान धर्म अर्थात धर्म का मूर्तिमान रूप राम हैं। आदिकवि चरित्र और धर्म को समान मानते हुए कहते हैं राम सदा रहने वाले धर्म वृक्ष के बीज हैं और सभी मनुष्य उस वृक्ष के पत्ते और फल हैं। चरित्र के संतुलित एवं बहुमुखी विकास में उनका शरीर और मन दोनों स मिलित हैं। राम के कंधे चौंडे और उठे हुए हैं। हाथ घुटनों तक लंबे, गले की हड्डी मांस से दबी हुई, गर्दन शंख की तरह, सिर उत्तम ललाट चौड़ा, और आंखें बड़ी बड़ी, रंग चमकीला, सब अंग बराबर बंटे हुए हैं। बाल्मीकि के प्रश्न के उत्तर में नारदजी ने गुणों की जो सूची बनाई है, उस पर राम ही खरे सिद्ध होते हैं। बाल्मीकिजी का कहना है राम नियतात्मा हैं, इंद्रियजित हैं। कर्म की शक्ति बड़ी-चढ़ी है। संग्राम में पीछे पैर नहीं रखते। नीति में चतुर, सुंदर भाषण करने वाले, स्वजनों का भार उठाने वाले, शस्त्र और शास्त्र में पारंगत, सदा हंसकर बोलते हैं। न्याय और अन्याय के संघर्ष में पीड़ित के पक्षधर रहते हैं, चारित्रिक सफलता से युक्त ऐसी महान विभूति युगांतर तक निर्बल के बल, राम के रूप में सदा अमर हैं। जब तक नदियों और पर्वतों का इस धरा पर अस्तित्व रहेगा, तब तक रामचरित की महिमा का गुणगान इस धरा पर होता रहेगा।